दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



न्यू ईयर के लिए डिसाइड........

बीते साल की .........

वर्ष : 12 | अंक : 05 | लखनऊ, 27 दिसम्बर, शनिवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफ्टी 25,062.10

## पीएम मोदी ने वीर बाल दिवस पर भारत मंडपम में बच्चों को किया संबोधित

# वीर साहिबजादे अदम्य साहस, शौर्य, वीरता की पराकाष्ठा, मजहबी कट्टरता-आतंक का वजूद हिलाया

## बाल वीरों को बताया देश का गौरव, जेन जी ही देश को आगे ले जाएंगे

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वीर बाल दिवस के मौके पर नई दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में बच्चों को संबोधित किया। भारत मंडपम में हुए आयोजन से पहले प्रधानमंत्री ने इस वर्ष वीरता पुरस्कार से सम्मानित बच्चों के साथ संवाद भी किया। बच्चों के साथ मुलाकात करने की वीडियो भी सामने आया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश वीर बाल दिवस मना रहा है। अभी वंदे मातरम की सुंदर प्रस्तुति हुई। आज हम उन वीर साहिबजादों को याद कर रहे हैं, जो भारत का गौरव हैं। उन्होंने कहा कि वीर साहिबजादे भारत के अदम्य साहस, शौर्य, वीरता की पराकाष्ठा हैं। वीर साहिबजादों ने सारी सीमाओं को तोड़ दिया। वे क्रूर मुगल सल्तनत के सामने चट्टान की तरह खड़े हो गए।

**औरंगजेब की कट्टरता भी उन्हें नहीं हिला पाई**

उम्र और अवस्था की सीमाओं को तोड़ दिया

### गुलामी की मानसिकता से देश को आजाद नहीं होने दिया गया



बच्चों को संबोधित करते पीएम मोदी

उन्होंने कहा कि बलिदान की गाथा देश में जन-जन की जुबान पर होनी चाहिए थी। दुर्भाग्य से आजादी के बाद भी देश में गुलामी की मानसिकता हावी रही। इस गुलामी का बीज अंग्रेज राजनेता मैकाले ने 1835 में बोया था। उस मानसिकता से देश को आजादी के बाद भी मुक्त होने नहीं दिया गया। आजादी के बाद भी देश में ऐसी सच्चाईयों को दबाने की कोशिश की गई।

### वीर साहिबजादों को कोई हिला नहीं पाया

पीएम ने कहा कि वीर साहिबजादों को छोटी सी उम्र में उस समय की सबसे बड़ी सत्ता से टकराना पड़ा। वो लड़ाई भारत के मूल विचारों और मजहबी कट्टरता के बीच थी। वो लड़ाई सत्य बनाम असत्य के बीच थी। उस लड़ाई की एक ओर गुरु गोविंद सिंह जी थे, दूसरी ओर क्रूर औरंगजेब की हुकूमत थी। हमारे साहिबजादे उस समय छोटे ही थे, लेकिन औरंगजेब की क्रूरता को इससे फर्क नहीं पड़ा। वो जानता था भारत के लोगों को डराकर उनका धर्मांतरण कराना है तो मनोबल तोड़ना होगा। इसलिए उसने साहिबजादों को निशाना बनाया। लेकिन, हमारे वीर साहिबजादों को कोई हिला नहीं सका। वे अडिग रहे।

### जेन-जी और जेन अल्फा विकसित भारत के लक्ष्य तक ले जाएंगे

पीएम मोदी ने जेन-जेड और जेन-अल्फा को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी जेनरेशन ही भारत को विकसित भारत के लक्ष्य तक ले जाएगी। मैं जेन-जेड की योग्यता, आपका आत्मविश्वास देखता हूं, समझता हूं और इसलिए आप पर बहुत भरोसा करता हूं। उन्होंने कहा कि पहले युवा सपने देखने से भी डरते थे, क्योंकि पुरानी व्यवस्थाओं में ये माहौल बन गया था।

**साहसी और प्रतिभावान बच्चों को मिला मंच**

उन्होंने कहा कि बीते 4 वर्षों में वीर बाल दिवस की नई परंपरा ने साहिबजादों की प्रेरणाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाया है। वीर बाल दिवस ने साहसी और प्रतिभावान बच्चों के निर्माण के लिए एक मंच तैयार किया है। उन्होंने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों से आए 20 बच्चों को ये पुरस्कार दिए गए हैं।

### 2022 से हुई वीर बाल दिवस मनाने की शुरुआत पीएम मोदी ने बताई अहमियत

मोदी ने सिखों के गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्र साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी के असाधारण साहस और सर्वोच्च बलिदान की स्मृति में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने का ऐलान किया था। उन्होंने आज वीरता पुरस्कार से नवाजे गए बच्चों से मुलाकात के पहले एक्स हैंडल पर लिखा, वीर बाल दिवस श्रद्धा का दिन है, जो वीर साहिबजादों के बलिदान को याद करने के लिए समर्पित है। इसकी शुरुआत 2022 को हुई थी।

### अन्नपूर्णा ने इसे सपनों, संघर्षों और उपलब्धियों की पहचान बताया



केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि हर वर्ष प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल वीर पुरस्कारों के लिए आवेदन की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जब हम इन बच्चों की उपलब्धियां देखते हैं तो मन गर्व से भर उठता है। भविष्य के प्रति हमारा विश्वास और मजबूत होता है। उन्होंने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल वीर पुरस्कार से सम्मानित बच्चों से कहा कि यह पुरस्कार आपके सपनों, संघर्षों और उपलब्धियों की पहचान है। जो लाखों बच्चों को प्रेरित करेगा।

## राजस्थान के चौमू में सांप्रदायिक तनाव

# धार्मिक स्थल से पत्थर हटाने पर पुलिस पर पथराव, इंटरनेट बंद





पुलिस की तैनाती

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

जयपुर जिले के चौमू कस्बे में गुरुवार आधी रात के बाद अचानक सांप्रदायिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। एक मस्जिद से जुड़े विवाद के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने पुलिस पर पत्थरबाजी कर दी, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। इसमें पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े और लाठीचार्ज करना पड़ा। कड़ी कार्रवाई के बाद स्थिति पर काबू पा लिया गया। मस्जिद परिसर के पास सड़क किनारे पड़े पत्थरों को हटाने का कार्य चल रहा था। यह पत्थर लंबे समय से आबादी क्षेत्र में सड़क पर पड़े थे, जिससे यातायात बाधित हो रहा था। पत्थर हटाने की कार्रवाई का स्थानीय लोगों ने विरोध किया, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। इसमें 75 से ज्यादा उपद्रवियों को हिरासत में लिया गया है।

■ कई पुलिसकर्मी घायल हो गए

### पुलिस को आंसू गैस और लाठीचार्ज करना पड़ा

विरोध के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने अचानक पुलिस बल पर भारी पत्थरबाजी शुरू कर दी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्पेशल ऑपरेशन कमिश्नर राहुल प्रकाश, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर डॉ. राजीव पचार और मनीष अग्रवाल मौके पर पहुंचे। बरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए हालात को नियंत्रण में लिया।

### बस स्टैंड और स्थल बना पुलिस छावनी

घटना के बाद एहतियातन चौमूं बस स्टैंड और आसपास के इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पूरे क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है।

### इंटरनेट सेवा पर अस्थायी बैन

शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संभागीय आयुक्त ने आदेश जारी करते हुए चौमू क्षेत्र में 26 दिसंबर सुबह 7 बजे से 27 दिसंबर सुबह 7 बजे तक इंटरनेट सेवाओं पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया है। सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पार्किंग शुल्क घटा



नई दिल्ली। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रीडेवलपमेंट काम के कारण, पहाड़गंज साइड की पार्किंग बंद कर दी गई है। फीस में बदलाव किया गया है। प्राइवेट गाड़ियों के लिए 8 मिनट तक की फ्री ड्रॉप-ऑफ सुविधा जारी रहेगी। कैब ड्राइवरों को 30 रुपए देने होंगे। सभी गाड़ी ड्राइवरों को 9 से 15 मिनट के लिए 50 रुपए की फीस देनी होगी।

### गैंगरेप में सीईओ व महिला एग्जीक्यूटिव हेड रिमांड पर



उदयपुर। शहर में एक महिला मैनेजर के साथ चलती कार में कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में एक आईटी कंपनी का सीईओ, महिला एग्जीक्यूटिव हेड और उसका पति शामिल हैं। उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया।

### हिमाचल में डॉक्टर सामूहिक अवकाश पर



शिमला। आईजीएमसी शिमला में मरीज से मारपीट पर आरोपी डॉक्टर को बर्खास्त करने के बाद यह मामला गरमा गया है। गुस्साए चिकित्सक संगठनों ने शुक्रवार को एक दिन का सामूहिक अवकाश करने का निर्णय लिया है। मांगें न मानने पर शनिवार से हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है।

## एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी कम करने की याचिका

# हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से 10 दिन में जवाब तलब किया, अब 9 को होगी अगली सुनवाई

## राजधानी में खराब हवा की क्वालिटी पर नागरिक परेशान

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दिल्ली हाई कोर्ट ने राजधानी में खराब हवा की क्वालिटी को देखते हुए एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी कम करने की याचिका पर केंद्र सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। जस्टिस विकास महाजन और विनोद कुमार की वेकेशन बेंच ने केंद्र सरकार को याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिन का समय दिया और मामले की अगली सुनवाई के लिए 9 जनवरी की तारीख तय की।

### जीएसटी कम करने को कहा था





दिल्ली हाईकोर्ट

बुधवार को हाईकोर्ट ने राजधानी में खराब होती वायु गुणवत्ता को देखते हुए जीएसटी काउंसिल को निर्देश दिया था कि एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी को कम या पूरी तरह खत्म करने पर विचार करें। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की बेंच ने आदेश दिया था।

**जीएसटी को 5 प्रतिशत स्लैब में लाएं**

कोर्ट ने कहा था एयर प्यूरीफायर पर टैक्स छूट देने के लिए कुछ नहीं किया जा रहा। अगर साफ हवा नहीं दे सकते, तो जीएसटी कम करें। इसे मेडिकल डिवाइस मानकर जीएसटी को 5 प्रतिशत स्लैब में लाने की मांग की गई है।

### एयर प्यूरीफायर लग्जरी आइटम नहीं: वकील

वकील कपिल मदान की दाखिल याचिका में कहा कि दिल्ली में गंभीर प्रदूषण की अत्यधिक इमरजेंसी संकट स्थिति में एयर प्यूरीफायर को लग्जरी आइटम नहीं माना जा सकता। साफ इनडोर हवा स्वास्थ्य और जीवित रहने के लिए आवश्यक हो गई है। तर्क दिया गया कि एयर प्यूरीफायर पर सबसे ऊंची स्लैब में जीएसटी लगाना बड़ी आबादी के लिए पहुंच से बाहर कर देता है, जो असंवैधानिक है।

# ब्राह्मण एकता मंच का सम्मान समारोह संपन्न





मुंबई/मालाड, ब्राह्मण एकता मंच एवं चैरिटी ट्रस्ट का वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह मालाड पश्चिम स्थित अस्पी आडिटोरियम मुंबई में धूमधाम से संपन्न हुआ। स्वामी कैलाशपुरी महाकाल बाबा, पूर्व सांसद गजानन कीर्तिकर, सिद्धिविनायक मंदिर के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी, सुभाष शर्मा (डीआईजी सीआरपीएफ) और पूर्व कमिश्नर के.एस. मिश्र के आतिथ्य में आयोजित सम्मान समारोह में डॉ सागर त्रिपाठी (साहित्यकार), चंद्र किशोर शर्मा (पत्रकार लखनऊ), डॉ ओमप्रकाश दूबे (संस्थापक आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज), पं.उमेश दूबे (भवन निमार्ता), धमार्नुरागी रामदेव (मुन्ना पांडेय को ब्राह्मण भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही मुंबई विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ करुणा शंकर उपाध्याय, समाजसेवी संजय मिश्रा, राममंदिर वैष्णव आश्रम के ट्रस्टी लक्ष्मण द्विवेदी, समाजसेवी डॉ अमर मिश्र, विवान कारूलकर, पं. अभिषेक दूबे, एड् विपिन दूबे, पटकथा लेखक बृजमोहन पांडेय, पं. हर्षित मिश्र, को ब्राह्मण गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र याज्ञिक,, डॉ अमर नाथ मिश्र, जीएसटी कमिश्नर विवेक पांडेय, डॉ राधेश्याम तिवारी, पं. अरुण मिश्रा, यूबीटी शिवसेना के प्रवक्ता आनंद दूबे, पं.विद्याधर मिश्र, शिक्षानुरागी पं.दिनेश त्रिपाठी, रमेश मिश्र, डॉ दयानंद तिवारी, पं. मधुसूदन द्विवेदी, प्रभाकर चंद्र शेखर शुक्ल, गौरी शंकर तिवारी, गौरी शंकर चौबे, वागीश दूबे, संतोष तिवारी, आनंद मिश्र, उमाकांत तिवारी, एड् अशोक दूबे सहित भारी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित थे।

## मुख्य सचिवों का पांचवां राष्ट्रीय सम्मेलन आज से

# 'विकसित भारत के लिए मानव पूंजी' पर कौशल व विकास को गति देने पर होगा विचार मंथन

## प्रधानमंत्री मोदी करेंगे 2 दिनी बैठक की अध्यक्षता

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



पीएम नरेंद्र मोदी 27 और 28 दिसंबर को दिल्ली में मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। यह सम्मेलन राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं पर केंद्रित है और सतत संवाद के माध्यम से केंद्र-राज्य साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम है। पीएमओ के अनुसार सहकारी संघवाद के दृष्टिकोण पर आधारित यह सम्मेलन एक ऐसे मंच के रूप में कार्य करता है, जहां केंद्र और राज्य मिलकर भारत की मानव पूंजी क्षमता को अधिकतम करने और समावेशी, विकास को गति देने के उद्देश्य से एकीकृत रणनीति तैयार करते हैं।

### रोजगार अवसरों के सृजन के लिए रणनीति बनेगी

साझा विकास एजेंडा को अंतिम रूप देने के लिए गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन का उद्देश्य भारत की जनसंख्या को केवल जनसांख्यिकीय लाभांश के रूप में देखने के बजाए नागरिकों को मानव पूंजी के रूप में स्थापित करना है। शिक्षा प्रणालियों को मजबूत करने, कौशल विकास को आगे बढ़ाने और रोजगार अवसरों के सृजन के लिए ठोस रणनीतियां तैयार की जाएंगी। सम्मेलन का मुख्य विषय 'विकसित भारत के लिए मानव पूंजी' रखा गया है।

## 20 बच्चों को राष्ट्रपति ने दिया प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

# हमारे वीर बालकों ने समाज और पूरे देश का गौरव बढ़ाया

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को वीर बाल दिवस के अवसर पर देश के 20 प्रतिभाशाली बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार 5 से 18 वर्ष की आयु के उन बच्चों को दिया जाता है, जिन्होंने साहस, खेल, पर्यावरण संरक्षण, विज्ञान एवं नवाचार, समाज सेवा, कला और संस्कृति जैसे विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण योगदान देकर देश का नाम रोशन किया है। राष्ट्रपति ने सभी पुरस्कार विजेता बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने अपने परिवार, समाज और पूरे देश का गौरव बढ़ाया है।

**सभी पुरस्कार विजेता बच्चों को बधाई दी**

इसे देशप्रेम और राष्ट्र एकता का उत्सव बताया

### असाधारण योगदान को किया रोशन





सम्मानित बच्चों के साथ राष्ट्रपति

**तो मानवता और भविष्य सुरक्षित**

राष्ट्रपति ने कहा कि जिस देश के बच्चे उच्च आदर्शों और देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत होते हैं, उस देश की मानवता और भविष्य दोनों सुरक्षित रहते हैं। उन्होंने महान क्रांतिकारी शहीद उधम सिंह की जयंती का उल्लेख किया।

### यह इतिहास का एक अत्यंत प्रेरक अध्याय

राष्ट्रपति ने कहा कि 2022 से 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसका इतिहास अत्यंत प्रेरक अध्याय जुड़ा हुआ है। उन्होंने सिख पंथ के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी और उनके चार साहिबजादों के बलिदान को स्मरण किया।

**अन्य बच्चे भी इनसे प्रेरणा लें**

राष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के माध्यम से बच्चों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि देश के अन्य बच्चे भी उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें।

## संक्षेप

### वीर बाल दिवस पर मनाया गया शहीदी दिवस

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर।भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद की अध्यक्षता में आज गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा राठ में अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अमरजीत अरोड़ा की उपस्थिति में वीर बाल दिवस शहीदी दिवस के रूप में मनाया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी देवेश कुमार जी रहे विशिष्ट अतिथि राठ विधायक मनीषा अनुरागी जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत नगर पालिका अध्यक्ष श्री निवास बुधौलिया अम्बरेस कुमारी मौजूद रहे मुख्य अतिथि ने कहा की शौर्य किसी उम्र का मोहताज नहीं होता देश के लिए कैसे जिए और इन बलदानियों को हमेशा याद करते हुए उनके प्रेरणा के अनुसार देश हित का कार्य करना चाहिए आज के इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह अनुसूचित मोर्चा प्रमोद वर्मा किशन व्यास जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव महेंद्र शुक्ला निशा भटनागर नीतू भटनागर अनीता राजपूत आराधना राजपूत रोहित निषाद उपस्थित रहे।

### अलोक प्रीमियर लीग में छोटी काशी ने 17 रन से वाटसन सुपर किंग्स को हराया

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां, हरदोई। स्व. आलोक सिंह ₹नीलू₹ की पुण्यस्मृति में आलोक सेवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित ₹अंडर- 23 आलोक प्रीमियर लीग₹ के द्वितीय दिवस के मैच का शुभारंभ मिश्रिख लोकसभा के सांसद अशोक रावत द्वारा किया गया। आलोक सेवा फाउंडेशन की कार्यकारी अध्यक्ष प्रतिभा सिंह द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। प्रीमियम लीग मैच वाटसन सुपर किंग्स बनाम छोटी काशी रुद्राक्ष के मध्य खेला गया। छोटी काशी ने 12 ओवर में 122 रन पांच विकेट खोकर बनाए, जवाब खेलने उतरी वाटसन सुपर किंग्स ने सात विकेट खो कर 105 रन ही बना सकी। सांसद अशोक रावत ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

# यूपी में आयुष्मान कार्ड फर्जीवाड़ा मामले में सख्त कार्रवाई, पांच अस्पतालों की संबद्धता निलंबित

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। आयुष्मान भारत योजना के कार्ड फर्जी तरीके से बनाने और इलाज करने वाले पांच निजी अस्पतालों की संबद्धता को निलंबित कर दिया गया है। इसमें एक अस्पताल बिजनौर और चार बरेली के हैं। इन्हें प्रथम दृष्टया जांच में संदिग्ध पाया गया है। नोटिस का जवाब संतोषजनक न पाए जाने के कारण इन्हें निलंबित किया गया है। अब इन अस्पतालों के मामले को मेडिकल कमेटी के सामने रखा गया है। आरोप साबित होने पर इन्हें ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। स्टेट एजेंसी फार काम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) के अधिकारियों के अकाउंट हैक करके अक्टूबर में 450 से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए थे। इनसे इलाज भी कराया गया था। अधिकारियों ने जब अकाउंट में लॉगिन किया, तब इसका पता चला था। इस मामले में एफआईआर भी कराई गई थी। इसके साथ ही साचीज भी अपने स्तर से मामले की जांच कर रही थी। इसी में बरेली के राधिका मैटरनिटी, मेट्रो विजन, उम्मीद हॉस्पिटल, अरबन हॉस्पिटल और बिजनौर के कुंदन हास्पिटल में 25 से अधिक फर्जी कार्ड बनाए जाने की जानकारी मिली थी। इसके बाद वहां इन्हीं कार्ड से फर्जी लाभार्थियों का इलाज भी दिखाया गया। साचीज से मिली जानकारी के अनुसार जांच में कार्ड संदिग्ध पाए जाने पर पांचों अस्पतालों को नोटिस जारी किया गया। जवाब संतोषजनक न पाए जाने पर अस्पतालों की संबंद्धता को निलंबित कर दिया गया है। अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीइओ) पूजा यादव ने बताया कि निलंबित अस्पतालों का मामला मेडिकल कमेटी के पास है। आरोप सिद्ध होने पर सभी को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। गौरतलब है कि इससे पहले साचीज के अकाउंट को हैक करके 9.45 करोड़ रुपये का फर्जी भुगतान कई अस्पतालों को कर दिया गया था। इन अस्पतालों को ब्लैक लिस्ट करके उनसे ट्रांसफर की गई धनराशि को वापस ट्रांसफर कराया जा चुका है। फजीर्वाड़े के दोनों ही मामलों में साचीज के अधिकारियों के अकाउंट को हैक करने में छुट्टी के दिन को चुना गया। जिससे लगभग 48 घंटे तक इस फजीर्वाड़े की जानकारी किसी को भी नहीं हो पाई। जब आफिस खुले तब अधिकारियों को पूरे मामले का पता चला और एफआइआर कराई गई।

## बाबूजी विश्राम सिंह यादव की 17वीं पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब

### 'वोट बचाओ संकल्प दिवस' के रूप में दी गई श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार

हरदोई, हरपालपुर। कटियारी डिग्री कॉलेज के प्रांगण में समाजवादी विचारक एवं पूर्व विधायक स्वर्गीय बाबूजी विश्राम सिंह यादव की 17वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित विशाल श्रद्धांजलि सभा को 'वोट बचाओ संकल्प दिवस' के रूप में मनाया गया, जिसमें भारी संख्या में समाजवादी समर्थकों और नेताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, पूर्व एमएलसी एवं प्रदेश अध्यक्ष (पिछड़ा वर्ग) राजपाल कश्यप ने बाबूजी को संघर्षों का प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ₹बाबूजी ने जनपद में जो समाजवादी अलख जगाई है, उसे कायम रखना हमारा कर्तव्य है। हमें अपने एक-एक वोट की रक्षा करनी होगी, क्योंकि बीजेपी रकफ प्रक्रिया के माध्यम से हमारे वोट काटने का षड्यंत्र रच रही है।

## तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे मजदूर को रौंदा, मौत

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने अपनी पत्नी के लिए खाना लेकर पैदल जा रहे एक मजदूर को रौंद दिया। आनन फानन उसे एम्बुलेंस से सरोजनी नगर सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे अमृत घोषित कर दिया। बंथरा के पिपहरी गांव में रहने वाला गोविंद कुमार रावत (43) मजदूरी करता था। गोविंद ने 2 वर्ष पहले बंथरा के दुदइया खेड़ा में रहने वाली अंजलि से प्रेम विवाह किया था। गोविंद की पत्नी अंजलि कानपुर रोड स्थित कटी बगिया के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती है। उसने बुधवार को अस्पताल में एक बच्ची को जन्म दिया। गुरुवार सुबह करीब 9:30 बजे गोविंद बंथरा के चनखरा में रहने वाली बहन ईशा के घर से अपनी पत्नी अंजलि के लिए खाना लेकर पैदल ही अस्पताल जा रहा था। तभी कानपुर रोड पर दादूपुर मोड़ के सामने तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से ठोकर मारते हुए उसे रौंद दिया और भाग निकला। घटना के बाद राहगीरों ने आनन फानन 108 एम्बुलेंस बुलाई। एंबुलेंस से गोविंद को सरोजनी नगर सीएचसी पहुंचाया गया। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है।

## तेज रफ्तार डंपर ने कार में मारी टक्कर, कार सवार बीटेक छात्र की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बुधवार को उलटी दिशा से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने एक स्विफ्ट कार में सामने से ठोकर मार दी। हादसे में कार सवार बीटेक छात्र बुरी तरह हो गया। घायलावस्था में उसे ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया। जहां गुरुवार सुबह उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। सरोजनी नगर के पिपरसण्ड गांव निवासी किसान धीरज शुक्ला का बेटा सक्षम शुक्ला (19) उन्नाव जिले के नवाबगंज स्थित चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। बुधवार सुबह करीब 9 बजे वह अपने घर से कंप्यूटर की परीक्षा देने अपनी स्विफ्ट कार से चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी जा रहा था। तभी बंथरा थाना क्षेत्र में उलटी दिशा से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने हिंदुस्तान अकैडमी के पास सक्षम की कार में सामने से जोरदार ठोकर मार दी। इस हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और सक्षम गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने सक्षम को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर पहुंचाया। लेकिन गुरुवार सुबह सक्षम की ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं घटना के बाद डंपर चालक मौके पर अपना वाहन छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने डंपर को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। मृतक के परिवार में उसके पिता धीरज शुक्ला के अलावा मां लक्ष्मी और छोटी बहन छवि है।

## खबर का असर : नहर में पानी न आने से किसानों के हंगामे के बाद पहुंचा पानी....

अमन लेखनी समाचार



निगोहां। मोहनलालगंज विकास खण्ड के निगोहां के कुशमौरा गांव में अमौसी रजबहा नहर में समय से पानी न छोड़े जाने से रबी की फसल पर गंभीर संकट खड़ा हो गया था। गेहूं समेत अन्य फसलें सूखने लगीं तो किसानों का सब्र जवाब दे गया मंगलवार को बड़ी संख्या में किसान एकजुट होकर नहर विभाग के खिलाफ आक्रोश जताने सड़क पर उतर आए और अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे जिसकी खबरे निगोहां प्रेस क्लब की टीम ने प्रमुखता से प्रकाशित की तो अधिकारियों की आंखे खुली और गुरुवार से नहरों में पानी को छोड़ा गया। किसानों का कहना था कि वर्षों से नहर की केवल कागजी और औपचारिक साफ-सफाई कर दी जाती है, लेकिन सिंचाई के लिए पानी नहीं छोड़ा जाता रबी की फसल के लिए यह सबसे अहम समय ऐसे में पानी के अभाव में हजारों बीघा जमीन पर खड़ी फसलें बबार्दी के कगार पर पहुंच गई इससे किसानों की आजीविका पर सीधा संकट आ गया भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष परवेश कुमार शर्मा ने नहर विभाग की उदासीनता पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सिंचाई सुविधा न मिलने से सरकारी योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि जल्द नहर में पानी नहीं छोड़ा गया तो किसान धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी नहर विभाग की होगी।

### चार दिन बाद खुली नींद, गुरुवार को नहर में पहुंचा पानी....

किसानों और किसान नेताओं के तीखे विरोध और हंगामे की खबर प्रकाशित होने के बाद बाद गुरुवार को अमौसी रजबहा नहर में पानी छोड़ा पानी पहुंचते ही किसानों ने राहत की सांस ली हालांकि उनका कहना है यदि समय पर पानी मिल जाता तो फसल को नुकसान से बचाया जा सकता किसानों ने प्रशासन से मांग की है भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो और नहरों में नियमित रूप से समय पर पानी छोड़ा जाए ताकि खेती को बचाया जा सके और किसानों को सड़क पर उतरने के लिए मजबूर न होना पड़े।

## फर्जी रजिस्ट्री कराकर ढाई लाख की ठगी

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में जमीन की खरीद-फरोख्त के नाम पर बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया आरोप है कि विक्रेता ने खुद को भूमि का स्वामी बताकर आवासीय भूखंड की रजिस्ट्री करा दी लेकिन न तो पीड़िता को भूखंड का कब्जा मिला और न ही नामांतरण हो सका जांच में खुलासा हुआ कि जिस जमीन की रजिस्ट्री की गई उसका नाम राजस्व अभिलेखों में विक्रेता के नाम दर्ज ही नहीं गायत्री विहार कॉलोनी कंचनपुर मटियारी चिनहट लखनऊ निवासी मंजू देवी पत्नी सुशील कुमार के अनुसार उन्होंने सुल्तानपुर जनपद के गोसाईगंज निवासी नीरज पुत्र पंचम ने भौरा कला परगना व तहसील मोहनलालगंज स्थित गाटा संख्या 231/0.101 हेक्टेयर का भूखंड 2 लाख 50 हजार रुपये में खरीदा था। 20 फरवरी 2019 को उप निबंधक कार्यालय मोहनलालगंज में विधिवत रजिस्ट्री कराई पीड़िता का आरोप है कि रजिस्ट्री के बाद आरोपी लगातार बहाने बनाता रहा और भूखंड का भौतिक कब्जा नहीं दिया।

जब नामांतरण कराने के लिए तहसील में आवेदन किया गया तो पता चला कि उक्त गाटा संख्या पर विक्रेता का नाम खतौनी में दर्ज ही नहीं इस कारण नामांतरण की प्रक्रिया भी आगे नहीं बढ़ सकी। पीड़िता ने बताया कि इस संबंध में तहसील स्तर से लेकर आईजीआरएस पोर्टल तक शिकायत की गई जहां से भी स्पष्ट हुआ कि विक्रेता का भूमि पर कोई वैध अधिकार नहीं इसके बावजूद आरोपी ने रजिस्ट्री कराकर पूरी रकम ले ली कानूनी नोटिस भेजे जाने के बाद भी न तो धन वापस किया गया और न ही संपर्क साधा गया मामले में पीड़िता की तहरीर पर मोहनलालगंज थाने में धोखाधड़ी की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई पुलिस का कहना है कि दस्तावेजों की जांच की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद आरोपी के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक में मारी जोरदार टक्कर, बाइक सवार युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर शाम तेज रफ्तार कार ने एक बाइक में ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन उसे ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक बिजनौर के परवर पश्चिम में रहने वाले अमर सिंह का बेटा अविवाहित अनुराग सिंह (23) टेंट हाउस का कारोबार करता था। गुरुवार शाम करीब 5:30 बजे वह बाइक से अपने घर से कुछ दूर स्थित एक प्राइवेट फैक्ट्री में काम कर रहे अपने दोस्त को समोसा देने जा रहा था। तभी घर से कुछ दूर रोड पर तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने उसकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घटना के बाद कार चालक मौके पर गाड़ी छोड़कर भाग निकला। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। बाद में उसे ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया। जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने कार को अपने कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक के पिता अमर सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। मृतक के परिवार में उसके पिता अमर सिंह के अलावा मां पूजा सिंह और एक बड़ा व एक छोटा भाई तथा एक बहन है।

## जालसाजों ने सीआरपीएफ का अफसर बताकर महिला से ठगे 70 हजार रुपये

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में करीब एक माह पहले जालसाजों ने खुद को सीआरपीएफ का अफसर बताकर एक महिला को भरोसे में लिया और घरेलू सामान बेचने के नाम पर 70 हजार रुपये की ठगी कर ली। खुद के साथ ठगी होने की जानकारी होने के बाद पीड़िता ने सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनी नगर के हिंद नगर निवासी पीड़िता सुधा श्रीवास्तव के मुताबिक 25 नवंबर 2025 को दोपहर करीब दो बजे एक व्यक्ति ने खुद को बिजनौर स्थित सीआरपीएफ कैंप में तैनात अफसर संतोष कुमार बताते हुए फोन किया। उसने कहा कि उसका ट्रांसफर जम्मू हो गया है, इसलिए वह अपना घरेलू सामान टीवी, फ्रिज, साइकिल, एसी, इन्वर्टर, वाशिंग मशीन, पलंग, अलमारी और डाइनिंग टेबल आदि तुरंत बेचना चाहता है। आरोप है कि भरोसा दिलाने के लिए आरोपी ने व्हाट्सएप पर सामान की फोटों भी भेजीं और 70 हजार रुपये तुरंत ट्रांसफर करने को कहा। आरोपी ने बताया कि उसके साथी घनश्याम पांडेय के खाते में रुपये जमा कराने होंगे। उसने एचडीएफसी बैंक खाते का विवरण अंकित क्यूआर कोड भी भेजा। साथ ही यह भी कहा कि सीआरपीएफ बिजनौर कैंप के सरकारी ट्रक से सामान लादकर घनश्याम पांडेय तुरंत पीड़िता के घर डिलीवरी कर देगा। इन बातों पर विश्वास कर पीड़िता ने अपने पति महेश कुमार श्रीवास्तव के एचडीएफसी बैंक खाते से चेक के माध्यम से शाम करीब 4:30 बजे 70 हजार रुपये घनश्याम पांडेय के खाते में जमा करा दिए। कुछ देर बाद घनश्याम पांडेय नामक व्यक्ति ने फोन कर बताया कि सरकारी ट्रक कैंप के गेट पर खड़ा है और गेट पास बनवाने के लिए 30,180 रुपये और जमा कराने होंगे, जो बाद में वापस कर दिए जाएंगे। जब पीड़िता ने अतिरिक्त रकम देने से इंकार कर दिया तो आरोपी ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। तब पीड़िता को खुद के साथ ठगी होने का अहसास हुआ। इसके बाद पीड़िता ने बैंक के टोल फ्री नंबर और साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत की। साथ ही साइबर सेल की सलाह पर सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## ओपन टेनिस टूर्नामेंट में सौरभ बंगाली ने उड़ाए स्टंप

अमन लेखनी समाचार



निगोहां। निगोहां कस्बे में स्थित मैदान पर चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन दर्शकों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। टूनार्मेंट के दूसरे दिन गेंदबाज सौरभ बंगाली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विकेटों का चौका लगाया और अपनी टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया दूसरा मुकाबला बाबा बारूदी और मोनू खान सुदौली की टीमों के बीच खेला गया टॉस जीतकर बाबा बारूदी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजों ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया और निर्धारित ओवरों में मात्र 7 विकेट खोकर 196 रनों का विशाल लक्ष्य खड़ा कर दिया।

बाबा बारूदी की टीम की ओर से मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने उपयोगी पारियां खेलते हुए स्कोर को मजबूत आधार दिया लक्ष्य का पीछा करने उतरी मोनू खान सुदौली की टीम शुरूआत से ही दबाव में नजर आई बाबा बारूदी की टीम के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए लगातार विकेट झटके खासकर सौरभ बंगाली की धारदार गेंदबाजी के सामने सुदौली की बल्लेबाजी पूरी तरह बिखर गई पूरी टीम महज 9 ओवर में 37 रन पर सिमट गई। गेंदबाजी में सौरभ बंगाली ने चार अहम विकेट चटकाकर मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया और ह्यमैन ऑफ द मैचह्न प्रदर्शन किया उनके अलावा अन्य गेंदबाजों ने भी सटीक लाइन-लेंथ से बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। मैच के दौरान मैदान पर बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजकों ने बताया कि आने वाले मुकाबलों में भी कड़ा संघर्ष देखने को मिलेगा और प्रतियोगिता का रोमांच दिन-ब-दिन बढ़ता जाएगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर शाम एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक रायबरेली के पारा निवासी कमलेश कुमार (25) महाराष्ट्र के पुणे में मजदूरी करता था। तीन दिन पहले वह बिजनौर के परवर पश्चिम स्थित अपनी ससुराल में गर्भवती पत्नी निशा को देखने के लिए आया था। गुरुवार को देर शाम करीब 8 बजे खाना खाने के बाद कमलेश की अचानक तबियत बिगड़ गई। हालत गंभीर होते देख कमलेश के साले नीरज ने उसे आनन फानन पीजीआई स्थित ट्रामा -2 पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान कमलेश ने दम तोड़ दिया। बाद में सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिजनौर प्रभारी निरीक्षक कपिल गौतम का कहना है कि रिश्तेदारी में आए कमलेश की तबीयत खराब हो गई थी। इसके बाद ससुराल वाले उसे अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने कहा कि इस मामले में किसी ने कोई आरोप नहीं लगाया है। अगर किसी की ओर से कोई तहरीर मिली तो रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जर्जर खंडजे को लेकर ग्रामीणों का फूटा आक्रोश

अमन लेखनी समाचार



निगोहां। निगोहां क्षेत्र के कुशमौरा गांव से लगभग आठ सौ मीटर लंबे खंडजे मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों व स्थानीय व्यापारियों में भारी नाराजगी देखने को मिली। ग्रामीणों का कहना है यह मार्ग पिछले करीब 25 वर्षों से पूरी तरह जर्जर हालत में जबकि इसी रास्ते से गांव के लोगों और व्यापारियों का चौबीस घंटे दैनिक आवागमन बना रहता ग्रामीणों ने एकजुट होकर बताया कि मार्ग में जगह-जगह गड्ढे, उखड़े पत्थर और कीचड़ जमा रहने के कारण आए दिन हादसे हो रहे हर दूसरे दिन कोई न कोई बाइक सवार या साइकिल सवार फिसलकर गिर जाता जिससे लोग चोटिल हो रहे इसके बावजूद अब तक इस गंभीर समस्या पर न तो कोई जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहा है और न ही ग्राम प्रधान की ओर से सड़क निर्माण की कोई ठोस पहल की गई

ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार संबंधित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद केवल आश्वासन ही मिले जबकि जमीनी स्तर पर कोई कार्य नहीं हुआ इससे ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त लोगों का कहना है यदि शीघ्र ही जर्जर रास्ते का निर्माण नहीं कराया गया तो आने वाले समय में सभी ग्रामीण मिलकर चुनाव में वोट बहिष्कार करने को मजबूर होंगे।

प्रदर्शन के दौरान बीडीसी पंचायत सदस्य मनोज कुमार कश्यप सहित अरविंद शर्मा, प्रवेश कुमार शर्मा, धीरेंद्र अवस्थी, अवधेश अवस्थी, चंद्र किशोर द्विवेदी, नन्हा पाल, मोनू प्रजापति, शिवम शर्मा, गंगा विशून शर्मा, सूर्य नारायण प्रजापति माता प्रसाद साहू समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे सभी ने एक स्वर में प्रशासन से मांग की कि जनहित को देखते हुए तत्काल इस मार्ग का निर्माण कराया जाए, ताकि राहगीरों को राहत मिल सके और आए दिन हो रहे हादसों पर रोक लगाई जा सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की होगी।

## डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। बीते गुरुवार की शाम मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के फुलवरिया मोड़ के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल संख्या वढ32 टछ 6431 को चला रहे अखिलेश कुमार पुत्र स्व.वंशीधर निवासी ग्राम ईश्वरीखेड़ाथाना पीजीआई, लखनऊ हादसे में बुरी तरह जख्मी हो गए।

राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज भिजवाया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए जिनका रो-रोकर बुरा हाल पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। वहीं दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल को पुलिस ने कब्जे में लेकर मोहनलालगंज थाना परिसर में खड़ा करा दिया हादसे के बावजूद मौके पर यातायात व्यवस्था सामान्य बनी रही। पुलिस का कहना है मामले की जांच की जा रही प्रथम दृष्टया तेज रफ्तार और संतुलन बिगड़ने से हादसा होना प्रतीत हो रहा जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### नाली के पानी को लेकर हुई मारपीट

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के गांव दर्शन खेड़ा गौरा निवासी बबलू पुत्र बुद्धू ने थाने में तहरीर देकर पड़ोसियों द्वारा सहन में नाली बहाए जाने से मना करने पर मारपीट की। बबलू ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि पड़ोसी नाली का पानी मेरे दरवाजे से बहाते हैं।22 दिसंबर को मेरे द्वारा नाली का पानी दरवाजे से बहाने के लिए मना करने पर नाराज होकर सचिन व लक्ष्मीनारायण , हरिशंकर , शत्रुघ्न ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। बीच बचाव के दौरान मेरी पुत्री प्रीति को भी चोट आई है ।थाना अध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है ।जांच के बाद कार्यवाई की जाएगी।

### महिला ने बाइक चालक पर दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के गांव मेडीलाल खेड़ा निवासी सुंदरा पत्नी मोहनलाल ने थाने में तहतीर देकर बाइक चालक के ऊपर केस दर्ज कराया है। सुंदरा ने थाने में तहरीर देखकर आरोप लगाया कि 14 दिसंबर को शाम लगभग 4:00 बजे उसकी बहू ऑटो से उतरकर अपने घर की ओर आ रही थी तभी तेज रफ्तार बाइक से आ रहे चिराग शुक्ला पुत्र विपिन शुक्ला निवासी दिलीप नगर थाना बिहार ने टक्कर मार दी जिससे बहू को गंभीर चोटे आई है ।पूरा मामला चौराहे पर लगे सी सी टी वी फुटेज में कैद है। बहू की हालत चिंता जनक बनी हुई है ।थाना अध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि सुंदारा की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है जांच के बाद कार्यवाई की जाएगी।

### मामूली से विवाद को लेकर दबंगो ने महिलाओं को पीटा

सुमेरपुर, उन्नाव।थाना बिहार के चिलमिलखेड़ा निवासिनी निर्मला पत्नी संतोष कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गुरुवार शुबह गाँव के ही रामनरेश पुत्र चन्द्रिका व भीमशंकर पुत्र रामनरेश, अवधेश पुत्र राजाराम, रामसिंह पुत्र रामनाथ ये सभी लोग एक राय होकर गाली देते हुए लाठी डण्डों से मारने पीटने लगे साथ ही बचाने आयी मेरी जेठानी माल्ती उसकी पुत्री अर्चना व मेरी पुत्री लक्ष्मी को भी मारा-पीटा व जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया तहरीर व मेडिकल उपरान्त मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### ससुरालीजनो ने महिला के साथ की मारपीट

बीघापुर, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लक्ष्मी खेड़ा निवासिनी संगीता पत्नी सुभाष ने थाने में तहरीर देकर कहा कि मेरा पति सुभाष व ससुर राम सजीवन गाली गलौज करते हुए जान से मार देने की धमकी दी और मुझे लात घुसो और डंडों से मारा पीटा तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया।

## नाला निर्माण कार्य से निकली गंदगी और सिल्ट से नागरिक परेशान

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव।नगर के नौनिहालगंज बाजार के उत्तर दिशा में स्थित प्रमुख नाले को जेसीबी मशीन से खोदकर नया आरसीसी नाला बनाने का कार्य नगरपालिका के ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है।नाला निर्माण को लेकर जहां एक ओर नागरिकों को भविष्य में जलभराव से राहत मिलने की कोई खास उम्मीद नहीं है, वहीं दूसरी ओर निर्माण कार्य के दौरान निकली गंदगी और सिल्ट ने लोगों को परेशानी मे डाल दिया है ।गौरतलब है कि लगभग एक माह से नगर के प्रमुख बरसाती नाले को तोड़कर नये आर सीसी नाले का निर्माण कर चल रहा है। नगर पालिका के ठेकेदार द्वारा नाला खोदाई के दौरान निकली सैकड़ों ट्रालियां गंदी सिल्ट बाजार और कस्बा जाने वाले मुख्य मार्गों पर ही जमा कर दी गई हैं। इससे सड़क दलदल में तब्दील हो गई है ।जिससे आवागमन में भारी दिक्कत हो रही है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों, पैदल राहगीरों, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि नाला खुदाई से निकलने वाला गंदा कचरा और सिल्ट रोजाना उठाकर सुरक्षित स्थान पर डंप कर दिया जाता, तो यह समस्या उत्पन्न ही नहीं होती।सड़कों पर जमा सिल्ट के कारण बदबू फैल रही है।जिससे आसपास के दुकानदार और निवासी भी परेशान हैं। व्यापारी रविकांत गुप्ता , विनोद कुशवाहा , रेहान खान योगेश रस्तोगी , रईस अंसारी , राधेश्याम व कमलेश गुप्ता आदि व्यापारियों का कहना है कि गंदगी के कारण ग्राहकों की आवाजाही कम हो गई है।जिससे उनके कारोबार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। वहीं नागरिकों ने आशंका जताई कि खुले में पड़ी सिल्ट से मच्छरों का प्रकोप बढ़ सकता है। जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। नागरिकों ने नगरपालिका प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य के साथ-साथ साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाए और नाला खुदाई से निकली सिल्ट को प्रतिदिन हटवाया जाए।साथ ही निर्माण स्थल पर उचित प्रबंधन कर आम जनता को राहत दिलाई जाए। ताकि विकास कार्य परेशानी का कारण न बने। वही वही इस समस्या संबंध में जब नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी और अध्यक्ष से मोबाइल फोन पर बात करने का प्रयास किया गया तो दोनों ने फोन ही रिसीव नहीं

## जिला आंकड़ा प्रबंधक ने स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जिला आंकड़ा प्रबंधक आशुतोष मिश्रा ने निरीक्षण कर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को दिए निर्देश । स्वास्थ्य केंद्र पर लगभग एक घण्टा रहकर अभिलेख , उपस्थिति रजिस्टर , लेबर रूम , प्रयोग शाला , एक्सरे मशीन ईडी एल मेडिसिन दवा वितरण कक्ष ओपीडी , ड्यूटी स्टाफ सहित प्रसूताओं को दोपहर को बनने वाला भोजन का निरीक्षण किया । दवाओं में सर्प दंश , कुत्ते काटने में लगने वाले इंजेक्शन , तथा जरूरी दवाओं की उपलब्धता ,आक्सीजन सिलेंडर तथा लेबर रूम में बेड ,वार्मर ,थमार्मीटर आदि उपलब्ध मिले , जांच के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ वीपी सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश दिए

## प्रमुख सचिव ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।उत्तर प्रदेश सरकार के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष ने शुक्रवार को उन्नाव जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। 1994 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी घोष के अचानक निरीक्षण से अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया।इस दौरान उन्हें अस्पताल की व्यवस्थाओं में कई खामियां मिलीं, जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव ने सबसे पहले ओपीडी, इमरजेंसी, वार्ड, पैथोलॉजी, दवा वितरण काउंटर और साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। ओपीडी में मरीजों की भीड़ और अव्यवस्थित व्यवस्था पर उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से सवाल किए। उन्होंने मरीजों से सीधे बातचीत कर इलाज, दवाइयों की उपलब्धता और डॉक्टरों के व्यवहार के संबंध में जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के दौरान कुछ वार्डों में साफ-सफाई की स्थिति असंतोषजनक पाई गई।बेडशीट समय पर नहीं बदली जा रही थीं और कुछ जगहों पर गंदगी भी मिली। इस पर प्रमुख सचिव ने नाराजगी जताते हुए संबंधित कर्मचारियों को फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट किया कि अस्पताल में साफ-सफाई से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और नियमित निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। दवा वितरण काउंटर पर भी अव्यवस्थाएं सामने आईं।कुछ मरीजों ने समय पर दवाइयां न मिलने की शिकायत की। इस पर प्रमुख सचिव ने अधिकारियों को आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि मरीजों को बाहर से दवा न खरीदनी पड़े। पैथोलॉजी विभाग में जांच रिपोर्ट मिलने में देरी पर भी उन्होंने चिंता व्यक्त की और व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डॉक्टरों और अन्य स्टाफ की उपस्थिति भी जांची गई। प्रमुख सचिव ने चेतावनी दी कि सरकारी अस्पतालों में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के उपरांत प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष ने अस्पताल प्रशासन के साथ बैठक की। उन्होंने सभी खामियों को जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश दिए और कहा कि जिला अस्पताल आम जनता के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ है। और यहां मिलने वाली सुविधाओं में सुधार सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगली बार निरीक्षण में यदि वही कमियां पाई गईं तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## रोडवेज बस से घर वापस लौट रहा युवक जहर खुरानी का हुआ शिकार

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव।बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र का एक युवक अपनी बहन ने यहां से रोडवेज बस के जरिए दिल्ली से वापस अपने घर लौट रहा था। तभी रास्ते में गुरुवार की रात वह जहर खुरानी गिरोह का शिकार हो गया। बस के चालक व परिचालक उसे बेहोशी की हालत में नगर के नानामऊ मार्ग तिराहा पर फेंक कर चलते बने। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा नाजुक हालत में युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम गोपी खेड़ा निवासी अरविंद 27 पुत्र राम आसरे करीब एक सप्ताह पूर्व नागलोई दिल्ली में रह रही अपनी विवाहिता बहन रेखा पत्नी शिवराज के घर काम के सिलसिले गया था। जहां काम न मिल पाने के कारण उसकी बहन रेखा ने बीते गुरुवार की शाम आनंद विहार बस अड्डे पर रोडवेज में गांव आने के लिए बैठा दिया था। तभी रास्ते में वह जहर खुरानी गिरोह का शिकार हो गया। गिरोह के सदस्य युवक का मोबाइल और बैग लेकर चंपत हो गए। बस के यहां बांगरमऊ आने पर आज शुक्रवार की सुबह चालक और परिचालक उसे नानामऊ तिराहा पर बेहोशी की हालत में फेंककर भाग निकले। नागरिकों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया और शिनाख्त होने के बाद उसके परिजनों को घटना की सूचना दी। खबर मिलते ही परिजन अस्पताल आ पहुंचे। तब चिकित्सकों ने युवक की हालत नाजुक देखकर

## नशे में धुत्त युवक ने घंटों किया जमकर हंगामा

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र स्थित हाफिजाबाद चौराहे पर नशे में धुत एक युवक ने करीब चार घंटे तक हंगामा किया। इस दौरान उसने राहगीरों और रिक्शा चालकों से मारपीट की, जिससे चौराहे पर अफरा-तफरी मच गई और यातायात बाधित हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक ने पहले दो रिक्शा चालकों को पीटा और उनके रिक्शों की चाबियां निकाल लीं। इसके बाद उसने बस का इंतजार कर रहे सफीपुर निवासी हारून और जुनैद पर भी हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से दोनों युवक घबरा गए और बचाव में उनके बीच मारपीट शुरू हो गई ।स्थानीय लोगों इरफान, सलमान उर्फ नूर आलम, राजू और रामगुलाम ने बताया कि युवक सुबह से ही हंगामा मचा रहा था। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले भी युवक ने तीन रिक्शा चालकों के साथ मारपीट की थी। वह सड़क के बीच में खड़ा होकर लोगों को रोकता और समझाने पर गाली-गलौज व मारपीट करने लगता था। एसबीआई बैंक में तैनात होमगार्ड ओमप्रकाश ने बताया कि युवक ने उनके साथ भी बदतमीजी की थी। स्थिति बिगड़ती देख उन्होंने तत्काल स्थानीय थाने को सूचना दी। होमगार्ड के अनुसार, हाफिजाबाद गांव का रहने वाला राजेश नामक युवक शराब के नशे में धुत होकर यह हंगामा कर रहा था ।युवक के हंगामे और मारपीट का एक वीडियो किसी राहगीर ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में युवक का आक्रामक व्यवहार और राहगीरों के साथ बदसलूकी साफ देखी जा सकती है। लंबे समय तक युवक के हंगामा मचाने के कारण पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

## एसडीम का मानवीय चेहरा, जरूरतमंदों को बांटे कंबल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आदर्श मौरावानगर पंचायत में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे को देखते हुए प्रशासन द्वारा जरूरतमंदों के लिए राहत कार्य तेज कर दिए गए हैं। इसी क्रम में एसडीएम पुरवा परमेश श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार नीरज चतुर्वेदी एवं लेखपाल निशांत वर्मा ने नगर पंचायत पहुंचकर गरीब और असहाय लोगों को कंबल वितरित किए।कंबल वितरण के दौरान बिटाना, महेश, रंजन, बाबा, नारायण, विमला, कमला वती, राजवती सहित लगभग 45 जरूरतमंदों को स्वयं कंबल ओढ़ाकर राहत दी गई। इसके साथ ही मोतेश्वर मंदिर में पुजारियों को भी ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किए गए ।एसडीएम पुरवा द्वारा ठंड और कोहरे को देखते हुए नगर क्षेत्र में बने रेन बसेरा का भी निरीक्षण किया गया और वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया गया। वहीं नगर अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ एवं अधिशासी अधिकारी संतोष चतुर्वेदी लगातार अलाव की व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं, ताकि राहगीरों और जरूरतमंदों को किसी प्रकार की परेशानी न हो ।नगर पंचायत द्वारा बस स्टॉप, हिलौली तिराहा, सौ बेड सामुदायिक अस्पताल, चंदनगंज बाजार, बड़ी मस्जिद, छोटी मस्जिद सहित प्रमुख चौराहों पर नियमित रूप से अलाव जलवाए जा रहे हैं। लकड़ी डलवाने का कार्य मधुकर बाबू द्वारा कराया जा रहा है ।इस दौरान नगर पंचायत कर्मचारी अरुण गौतम, अमित, शुभम सिंह, प्रदीप चौरसिया, भारत, सरवन कुमार एवं सफाई नायक गणेश शंकर उर्फ गन्नू सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासन की इस पहल से नगरवासियों ने राहत की सांस ली है।

## सात दिवसीय रासलीला एवं राम लीला महोत्सव का शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कस्बे के भगवती चरण वर्मा पार्क में सात दिवसीय रासलीला एवं रामलीला महोत्सव का शुभारंभ हो गया ।लीला के प्रथम दिन दान लीला का जीवंत मंचन किया गया। समिति के सदस्य बिन्नी गुप्ता और व्यापार मंडल अध्यक्ष उत्तम निषाद ने राधाकृष्ण स्वरूप की आरती उतार कर लीला का शुभारंभ कराया।

ब्रज की अनूठी सांस्कृतिक परंपराओं में ह्लदान लीलाह्व का विशेष स्थान है। लीला में भगवान श्रीकृष्ण गोपियों से मार्ग में दान मांगते हैं और इसी संवाद के माध्यम से प्रेम, विनोद और भक्ति का अद्भुत संगम दिखाई देता है।

मंचन के दौरान कलाकारों ने श्रीकृष्ण और सखाओं का रूप धारण कर सजीव अभिनय प्रस्तुत किया, जबकि दूसरी ओर गोपियों की भूमिका निभाने वाले कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा और लोक बोलियों के माध्यम से गोपी-भाव को अभिव्यक्त किया। परंपरा के अनुसार श्रीकृष्ण मक्खन, दही और माखनचोरी के प्रसंगों का हवाला देते हुए गोपियों से दान का आग्रह करते हैं। इसके जवाब में गोपियाँ तर्क-वितर्क और नटखट शिकायतों के जरिए श्रद्धालुओं को मुस्कुराने पर मजबूर कर देती हैं। इस पूरे दृश्य के दौरान पंडाल ह्लराधे-राधेह्व के जयघोष से गूंज उठा।

वृन्दावन के श्रीहित राधा भल्लभ रासलीला मंडल के स्वामी त्रिलोक चंद्र शर्मा के अनुसार दान लीला का उद्देश्य भक्ति, प्रेम और सादगी के संदेश को समाज तक पहुँचाना है। इस लीला के माध्यम से कृष्ण और ब्रज की गोपियों के भावात्मक संबंध को निकट से समझा जा सकता है।

वही सुबह की पाली में नारद मोह लीला का मंचन किया गया। लीला में दिखाया गया कि नारद भगवान श्रीकृष्ण के पास गए और सुंदरता माँगी ।श्रीकृष्ण ने सुंदरता के बदले उन्हें बंदर का रूप दिया ।इससे विश्व मोहिनी को पाने में असफल हो गए ।पुनः भगवान कृष्ण के पास जाकर आक्रोश प्रकट करते है, और कहते है कि हरि रूप मांगे जाने पर आपने बंदर का रूप दिया तो अगले अवतार में पत्नी वियोग से आप भी त्रस्त होंगे तब बंदर ही आपकी सहायता करेंगे।

संयोजक संजीव गुप्ता ने कहा कि लीला के वार्षिक आयोजन से एक बार फिर ब्रज की जीवंत परंपराओं और लोक-संस्कृति को सहेजने का अवसर मिला है ।समिति के सदस्य राजू चौहान,राजेश तिवारी,लल्ला तिवारी,पवन सोनी आदि ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर लीलाओं का आनंद उठाने की अपील की है।

## ग्राम चौपाल का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के मटुकरी गांव के पंचायत भवन पर शुक्रवार को ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्राम पंचायत सेक्रेटरी शिवम् शुक्ला ने ग्रामीणों को वीबी जी राम जी योजना के बारे में जागरूक करते हुए इसके लाभ पर चर्चा की। सेक्रेटरी शिवम ने सभी को बताया कि यह योजना मनरेगा का नया स्वरूप है। जिससे इस योजना से जुड़ने वाले लोगों को भविष्य में कई तरह के लाभ मिल सकेंगे। उन्होने ग्रामीणों को बताया कि मनरेगा की जगह लेने वाले विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण ( वीबी जी राम जी ) नया बिल पास किया गया है। इसका उद्देश्य जहां पहले सौ दिनों के रोजगार की गारंटी देना था वहीं अब 125 दिनों के रोजगार की गारंटी दिया जाना है। मुख्य रूप से इस योजना का उद्देश्य साल 2027 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को आसानी से हासिल करना है। इस नए बिल में जल संरक्षण, ग्रामीण बुनियादी ढांचा, जलवायु परिवर्तन से निपटने वाले कार्यों के साथ



ही आजीविका से जुड़े कार्यों पर फोकस किया जाएगा। इसके अलावा मनरेगा के तहत मिलने वाले फायदों को भी भविष्य में बढ़ाया जाएगा। इस दौरान ग्राम प्रधान सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## चकबंदी कार्यालय का निरीक्षण लटकता मिला ताला

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर शुक्रवार को डिप्टी कलेक्टर /चकबंदी बंदोबस्त अधिकारी रामदेव निषाद ने विकासखंड कार्यालय सफीपुर स्थित सहायक चकबंदी अधिकारी निगोही के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय बंद मिला और मुख्य कक्ष पर ताला लटका हुआ पाया गया ।बंदोबस्त अधिकारी ने सहायक चकबंदी अधिकारी सहित समस्त स्टाफ का एक दिन का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण तलब किया। बंदोबस्त अधिकारी रामदेव निषाद शुक्रवार को डीएम के आदेश पर सफीपुर विकास खंड परिसर स्थित चकबंदी कार्यालय जा पहुंचे ।जहां उन्हें कार्यालय में ताला लटकता मिला ।समस्या लेकर पहुंचे कई ग्रामीण ताला खुलने की बाट जोह रहे थे ।एसओसी के कार्यालय पहुंचने की भनक सहायक चकबंदी अधिकारी राजेश कुमार को लगी तो वह मौके पर पहुंच गए ।लेकिन लापरवाही बरतने पर एक दिन के वेतन पर रोक लगाते हुए स्पष्टीकरण तलब किया गया ।चकबंदी बंदोबस्त अधिकारी रामदेव निषाद ने स्पष्ट निर्देश दिए कि समय से कार्यालय पहुंचकर दायित्वों का निर्वहन किया जाए, अन्यथा संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के औचक निरीक्षण अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे।

## मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर सपा नेताओं ने की महत्वपूर्ण बैठक

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। आगामी चुनावों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने के उद्देश्य से समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेताओं ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकताओं और बूथ स्तर के एजेंटों को निर्देशित किया गया कि वे घर-घर जाकर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र मतदाता पंजीकरण से वंचित न रह जाए। नगर के मोहल्ला दरगाह शरीफ, नसीमगंज व सरोजनी नगर में आयोजित बैठक में सपा के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी संजीव त्रिवेदी एडवोकेट ने जोर देकर कहा कि कार्यकर्ता गांव-गांव और वार्ड-वार्ड जाकर मतदाता सूची का मिलान करें। जिन युवाओं की आयु 1 जनवरी तक 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, उनके नाम अनिवार्य रूप से सूची में जुड़वाएं। बैठक में यह मुद्दा भी उठा कि कई जगहों पर राजनीतिक द्वेष के चलते पात्र मतदाताओं के नाम काट दिए जाते हैं। सपा नेता ने कार्यकताओं को सचेत किया कि वे ऐसी विसंगतियों को पहचानें और तुरंत चुनाव आयोग के संबंधित अधिकारियों के पास आपत्ति दर्ज कराएं। नेता ने कार्यकताओं से कहा कि वे बूथ लेवल ऑफिसर (BLO) के संपर्क में रहें और सुनिश्चित करें कि पुनरीक्षण कार्य निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो। बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए ताकि लोग स्वयं भी अपना नाम ऑनलाइन चेक कर सकें। ?बैठक को संबोधित करते हुए अन्य सपा नेताओं ने कहा, ₹लोकतंत्र में वोट की शक्ति ही सबसे बड़ी शक्ति है। हमारे कार्यकर्ता हमारी रीढ़ की हड्डी हैं। यदि हम मजबूत मतदाता सूची सुनिश्चित कर लेते हैं, तो जीत की आधी राह वहीं तय हो जाती है ।उन्होंने आगे कहा कि विशेष अभियान के दिनों में सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर मौजूद रहें और फॉर्म-6 (नए नाम के लिए), फॉर्म-7 (नाम हटाने के लिए) और फॉर्म-8 (संशोधन के लिए) की उपलब्धता और उन्हें भरने में जनता की मदद करें। ?बैठक के समापन पर कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि वे ₹हर बूथ-है मजबूत₹ के नारे के साथ इस अभियान को सफल बनाएंगे। बैठक में वरिष्ठ सपा नेता संजीव त्रिवेदी एडवोकेट, सपा नेता गुलिस्तान खां, दाऊद खां, अरकान सिद्दीकी, सभासद मो०आफाक, मुशीर अली, मुफीस अहमद, मो० सनी, मैसर अली, इसरार अहमद, फैशल सिद्दीकी, निजाम शाह, कल्लू शाह, इस्लामुद्दीन शाह, अंसार अहमद, मो० जलालू, मो० इस्माइल, सहित काफी संख्या में सपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में नगर के मोहल्ला सरोजनी नगर के कार्यक्रम आयोजक मुशीर अली ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## पति के वियोग में पत्नी ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला की समाप्त

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।थाना सोहरामऊ क्षेत्र के कस्बे में शुक्रवार सुबह महिला का शव घर के अंदर फांसी के फंदे से लटका मिला। मृतका की पहचान 45 वर्षीय गुड्डी पत्नी स्वर्गीय रामबाबू के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि करीब आठ महीने पहले गुड्डी के पति रामबाबू की बीमारी के चलते मौत हो गई थी, शुक्रवार सुबह जब छोटा बेटा रितिक घर पहुंचा तो उसने दरवाजा खोला और पनी मां को आवाज दी। काफी देर तक कोई जवाब न मिलने पर उसे अनहोनी की आशंका हुई। रितिक अपनी दादी के घर गया और अन्य परिजनों को साथ लेकर वापस अपने घर पहुंचा। घर के अंदर गुड्डी का शव रस्सी के सहारे फांसी के फंदे से लटका हुआ था। जिसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस को घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे मिली। सूचना मिलने पर सोहरामऊ पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर कब्जे में लिया और पंचनामा भर पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। सोहरामऊ थाना प्रभारी अरविंद पांडे ने बताया कि मृतक का बड़ा बेटा दुबई में है जिसके आने के बाद तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## स्वास्थ्य विभाग टीम ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। प्रदेश स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित मंडलीय टीम ने आज शुक्रवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लगभग आधा दर्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया कानपुर मंडल से चिकित्साधीक्षक डॉ अविनाश यादव व मैनेजर अजीत सिंह शुक्रवार की दोपहर देवगन मऊ देवगांव ददलहा भदनी रूपपुर चंदेला गहोली स्थित आयुष्मान जन आरोग्य मंदिर की विजेट की टीम को जो भी कमियां दिखाई दी हैं, उन्हें जल्द सही करने का निर्देश दिया इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संजय वर्मा बीसी पीएम पंकज शर्मा समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे

## नशे की हालत में युवक ने निगला जहरीला पदार्थ इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।आसीवन थाना क्षेत्र में गुरुवार की शाम नशे की हालत में परिजनों से बिवाद को लेकर युवक ने कीटनाशक निगल लिया था जिसे गभींर हालत में मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी परिजन पुलिस को सूचना दिए बिना शव लेकर गांव चले आए और शुक्रवार मृतक का गांव के बाहर खेत में अंतिम संस्कार कर दिया। चौधरी खेडा गांव निवासी विश्वनाथ पाल पुत्र बाबू लाल 45 गुरुवार की शाम नशे की हालत में घर पहुंचा जहां किसी बात को लेकर परिजनों से बिवाद हो गया थोड़ी देर बाद उसने नशे की हालत में कीटनाशक निगल लिया जानकारी पर परिजन मियागंज अस्पताल ले गए जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया था जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी परिजन शव लेकर गांव चले आए और उसका अंतिम संस्कार कर दिया मृतक की तीन बेटियाँ ज्योति जिसकी शादी हो चुकी है शालिनी व सोनाक्षी अविवाहित हैं पत्नी सुमन देवी पति की मौत से आहत है इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह का कहना है कि कोई सूचना नहीं मिली है।

## सम्पादकीय

# सभी को नए अवसर देगी न्यूजीलैंड से फ्री ट्रेड डील

भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुआ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) कारोबारियों से लेकर किसानों और छोटे उद्यमियों यानी एमएसएमई तक को लाभ पहुंचाएगा। इससे दोनों देशों के बीच ट्रेड, इन्वेस्टमेंट, इनोवेशन और सांझा अवसर बढ़ेंगे। इस नई ट्रेड डील के तहत न्यूजीलैंड से भारत में आने वाले करीब 95 फीसदी उत्पादों पर लगने वाले आयात शुल्क को या तो हटा दिया जाएगा या बहुत कम कर दिया जाएगा, जिससे व्यापार की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। दोनों देशों का लक्ष्य अगले 5 सालों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करना है। इससे अर्थव्यवस्था को स्थिर और दीर्घकालिक वृद्धि मिल सकेगी। वहीं, न्यूजीलैंड ने भारत में निवेश बढ़ाने का भरोसा जताया है। न्यूजीलैंड अगले 15 वर्ष में भारत में 20 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा, इससे स्थानीय उद्योगों और रोजगार के अवसरों को बल मिलेगा। यह व्यापार समझौता मार्च 2025 में तब शुरू हुआ जब न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन भारत आए थे। दोनों देशों ने इस समझौते को अपने आर्थिक रिश्तों को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम बताया। अब उम्मीद की जा रही है कि यह समझौता आर्थिक जुड़ाव को और बढ़ाएगा, बाजारों तक पहुंच आसान करेगा, निवेश को बढ़ावा देगा और दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग को मजबूत करेगा। इससे नए आविष्कार करने वालों, कारोबारियों, किसानों, छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए कई सेक्टर में अवसर पैदा होंगे। साथ ही छात्रों और युवाओं को भी मौके मिलेंगे। यह डील लागू होने के बाद न्यूजीलैंड को भारतीय सामानों पर कोई टैक्स नहीं देना पड़ेगा। यह करार मजदूरों, कारीगरों, महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे व्यवसायों और युवाओं के लिए फायदेमंद साबित होगा। साथ ही कपड़ा, ऊन, परिधान, चमड़ा और जूते जैसे उद्योगों को मौके देगा। इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, प्लास्टिक, दवाइयां और रसायन जैसे उत्पादन से जुड़े उद्योगों को भी लाभ मिलेगा। इस डील का मॉडल यूरोपीय फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) जैसा ही होगा। इस प्रस्तावित निवेश से मेन्युफैक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, सेवाएं, इनोवेशन और रोजगार सृजन जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा मिलेगा, जो भारत के निवेश परिदृश्य को बदलने में अहम भूमिका निभाएगा। यह समझौता खेती-किसानी पर भी खास ध्यान देता है। भारतीय किसानों को न्यूजीलैंड के बाजार में फल, सब्जियां, कॉफी, मसाले, अनाज और प्रोसेस्ड फूड जैसे उत्पादों को बेचने के बेहतर मौके मिलेंगे। 'एग्रीकल्चरल प्रोडक्टिविटी पार्टनरशिप' (कृषि उत्पादकता साझेदारी), 'सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस' (उत्कृष्टता केंद्र) और न्यूजीलैंड की उन्नत कृषि तकनीकों तक पहुंच जैसी पहलों से किसानों की उत्पादकता बढ़ेगी, गुणवत्ता सुधरेगी और उनकी आय में वृद्धि होगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत-न्यूजीलैंड के बीच माल का व्यापार 1.3 अरब डॉलर था। वहीं, 2024 में वस्तुओं और सेवाओं का कुल व्यापार लगभग 2.4 अरब डॉलर था, जिसमें अकेले सेवाओं का व्यापार 1.24 अरब डॉलर था। बता दें कि पिछले 5 साल में भारत की यह 7वीं फ्री ट्रेड डील है। इससे पहले 2021 में मॉरीशस, 2022 में ऑस्ट्रेलिया, 2022 में यूएई, 2024-25 में यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए), 2025 में ब्रिटेन व ओमान व अब न्यूजीलैंड के साथ डील हुई है। इससे भारत की ग्लोबल ट्रेड पार्टनरशिप मजबूत हुई है और देश के विकास को और बेहतर मौके मिलेंगे।



योजना

डॉ. अश्विनी महाजन

संसद में मनरेगा को विकसित भारत–ग्रामीण रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन विधेयक, 2025 (वीबी–जी राम जी) के नाम से पारित कर दिया गया है और राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदन के बाद अब यह विधेयक मनरेगा का स्थान लेगा। जहां सरकार नए विधेयक को विकसित भारत के लिए सुधार के रूप में प्रस्तुत कर रही है, वहीं विपक्ष इसका विरोध कर रहा है। विपक्ष का कहना है कि सरकार जानबूझकर इस कानून से महात्मा गांधी का नाम हटाकर राजनीति कर रही है। आज जरूरत इस बात की है कि इस विधेयक को विस्तार से समझा जाए कि वास्तव में इसके प्रावधान क्या हैं और इससे देश और ग्रामीण भारत को क्या फायदा या नुकसान हो सकता है?

# समय की जरूरत रोजगार गारंटी कानून

मनरेगा यानी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, एक अधिकार-आधारित योजना है, जिसे 2005 में अधिनियमित किया गया और फरवरी 2006 से लागू किया। इस अधिनियम के तहत, किसी भी ग्रामीण परिवार का 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का वयस्क सदस्य काम के लिए आवेदन कर सकता है। सरकार पर प्रति वर्ष प्रति परिवार 100 दिनों तक कार्य देने की बाध्यता है और यदि लिखित या मौखिक मांग के 15 दिनों के भीतर काम नहीं दिया जाता, तो राज्य को बेरोजगारी भत्ता देना होता है। दुनिया भर में कहीं भी ऐसी रोजगार के अधिकार की कोई योजना नहीं है।

सूखा, कृषि संकट और कोविड-19 जैसे झटकों के समय इसने आर्थिक सुरक्षा कवच की भूमिका निभाई, जब लाखों प्रवासी श्रमिक गांव लौट आए और इसी योजना पर निर्भर रहे। इस योजना में कुछ बड़े बदलाव प्रस्तावित करते हुए संसद में विकसित भारत–ग्रामीण रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन विधेयक, 2025 (वीबी-जी राम जी) पारित कर दिया गया है और राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदन के बाद अब यह विधेयक मनरेगा का स्थान लेगा। जहां सरकार नए विधेयक को विकसित भारत के लिए सुधार के रूप में प्रस्तुत कर रही है, वहीं विपक्ष इसका विरोध कर रहा है। विपक्ष का कहना है कि सरकार जानबूझकर इस कानून से महात्मा गांधी का नाम हटाकर राजनीति कर रही है।

आज जरूरत इस बात की है कि इस विधेयक को विस्तार से समझा जाए कि वास्तव में इसके प्रावधान क्या हैं और इससे देश और ग्रामीण भारत को क्या फायदा या नुकसान हो सकता है? 2005 में बनाए गए इस अधिनियम के पीछे सोच यह थी कि ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को बेरोजगारी के कारण गरीबी से बचाने के लिए उन्हें आमदनी की गारंटी हो, लेकिन इसके साथ ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के कार्यों जैसे जल संरक्षण परियोजनाएं, सिंचाई नहरें, ग्रामीण सड़कें, बाढ़ नियंत्रण संरचनाएं और भूमि विकास से जुड़े कार्य भी किए जा सकें। इस योजना में वित्तीयन की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की थी।

समझना होगा कि यह योजना रोजगार की मांग से चलती है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले सालों में जहां इस योजना में मजदूरी की दर बढ़ाकर उसे आकर्षक बनाया गया है, लेकिन रोजगार के लिए पंजीकृत करने हेतु दिवसों में भारी कमी आई है। इसका अभिप्राय है कि ग्रामीण लोगों को अन्य स्रोतों से अतिरिक्त रोजगार मिलने लगा है जो मनरेगा से अच्छा है। 2005 से अभी तक देश में बहुत बदलाव आ चुका है, ऐसे में सरकार का मानना है कि मनरेगा कानून में भी आमूलचूल परिवर्तन करने की आवश्यकता है। हालांकि विधेयक में मनरेगा में 100 दिनों के स्थान पर 125 दिन तक और वनवासी क्षेत्रों में तो 150 दिनों तक रोजगार देने का प्रावधान रखा गया है, लेकिन अब उसका वित्तीयन अकेले केंद्र सरकार नहीं बल्कि केंद्र और राज्य दोनों सरकारों का दायित्व होगा। गौरतलब है कि 2005 केंद्रीय राजस्व में राज्य सरकारों का हिस्सा मात्र 32 प्रतिशत था जो अब बढ़कर 42 प्रतिशत हो चुका है। 14वें वित्त आयोग ने राज्यों के हिस्से को यही कहकर बढ़ाया था ताकि वे योजना का भार वहन कर सकें। लेकिन नरेगा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम जो पहले ही बन चुका था, उसमें राज्यों पर इसका भार नहीं



डाला जा सकता था। हालांकि, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी एक्ट (नरेगा) 2005 में पास हुआ था और इसे 2006 में लागू किया गया। 2009 में तब की यूपीए की सरकार ने इसका नामकरण महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम कर दिया था, और अब जब इस योजना का नया रूप संसद ने प्रस्तावित किया है और नाम में बदलाव होना भी स्वाभाविक था, जो इत्तेफाक से भगवान राम के नाम से मिलता-जुलता है। इसी बात का विपक्ष विरोध कर रहा है।

मनरेगा का उद्देश्य बेरोजगारी के दिनों में आय-सुरक्षा देना था, परंतु यदि कृषि मौसम में श्रमिक मनरेगा की ओर आकर्षित रहते थे। ऐसे में खेतों में श्रमिकों की कमी के चलते मजदूरी लागत बढ़ जाती है, जिससे किसान की लागत में वृद्धि हो जाती है और खेती की प्रतिस्पर्धात्मकता घटती है। इस नए विधेयक में इस समस्या का समाधान निकाला गया है और रोजगार गारंटी कार्यक्रम में खेती के लिए आवश्यक 60 दिनों में इस कार्यक्रम को स्थगित रखने का प्रावधान रखा गया है। इसके साथ ही अब इस कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यों में भी समय के साथ बदलाव करते हुए अब उसमें आज की आवश्यकता के अनुरूप, जल सुरक्षा, ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजी-रोटी से जुड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर और खराब मौसम की घटनाओं को कम करने को शामिल करने के साथ-साथ, इन योजना को पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान के साथ भी जोड़ा गया है।

मनरेगा का सबसे बड़ा दोष यह था कि तमाम प्रयासों के बावजूद इसमें भ्रष्टाचार नहीं रुक रहा था। ग्राम पंचायत और खंड स्तर पर भ्रष्टाचार के कारण बड़ी मात्रा में सरकारी धन की लूट हो रही थी, ऐसी कई योजनाएं ध्यान में आती थी जिसमें है कागजों पर ही तमाम निर्माण हो जाते थे, जिनका धरातल पर कोई अस्तित्व ही नहीं होता था। नए अधिनियम में भ्रष्टाचार को बाहर रखने के लिए प्रावधान रखा गया है कि नई प्रौद्योगिकी का उपयोग करने का प्रावधान है, जिसमें लेन-देन के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, योजना निर्माण एवं निगरानी के लिए भू-स्थानिक (जियोस्पेशियल) प्रौद्योगिकी, वास्तविक समय में निगरानी के लिए मोबाइल एप्लिकेशन-आधारित डैशबोर्ड तथा साप्ताहिक सार्वजनिक प्रकटीकरण प्रणाली को शामिल किया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए उसमें भ्रष्टाचार पर बड़ा अंकुश लगाया गया है, उसी तर्ज पर प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हुए रोजगार गारंटी योजना में भी भ्रष्टाचार को रोका जा सकेगा।

देश में कई विशेषज्ञों द्वारा मनरेगा का विरोध इस लंबे व्यू से हो रहा था कि इसके चलते कृषि और उद्योग क्षेत्र में श्रमिकों की कमी हो रही है, हालांकि कृषि में तो श्रमिकों की कमी की समस्या को कुछ हद तक नए अधिनियम में हल करने का प्रयास हुआ है, लेकिन मनरेगा के कारण उद्योगों और कृषि की सहायक गतिविधियों हेतु श्रमिकों की कमी के समाधान का की समस्या के समाधान का भी प्रयास करना जरूरी था। विपक्ष संसद में नामकरण जैसे गैर जरूरी मुद्दों को उठाने की बजाए यदि नए अधिनियम में देश की आवश्यकता के अनुरूप प्रावधान शामिल कराने हेतु बहस करता तो मनरेगा के इस नए अवतार में कुछ और सुधार भी शामिल किए जा सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

बलिदान दिवस

आचार्य दीपचन्द भारद्वाज



# त्याग की प्रतिमूर्ति निर्भीक संन्यासी स्वामी श्रद्धानंद

स्वामी श्रद्धानंद का संपूर्ण जीवन मानव कल्याण को समर्पित था। इनका पूर्व नाम मुंशीराम था। 1879 में एक बार बरेली में स्वामी दयानंद सरस्वती का प्रवचन हुआ। मुंशी राम के पिताजी ने इनको भी स्वामी दयानंद के उस कार्यक्रम में जाने के लिए कहा। मुंशी राम का जीवन स्वामी दयानंद के प्रवचनों तर्कों एवं सैद्धांतिक विचारधारा से बहुत प्रभावित हुआ। स्वामी दयानंद के उपदेशों ने नास्तिक मुंशीराम को आस्तिक बना दिया। अपने जीवन में व्याप्त समस्त व्यसनों का परित्याग करके वर्ष 1884 में मुंशी राम जी आर्य समाज लाहौर के सदस्य बने। स्वामी दयानंद के वैदिक ज्ञान से प्रभावित होकर इन्होंने अपना संपूर्ण जीवन वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु समर्पित किया। 1902 में इन्होंने गुरुकुल कांगड़ी जैसी महान संस्था की स्थापना की। स्वामी श्रद्धानंद जी ने समाज के उत्थान के लिए तथा अपनी वैदिक संस्कृति की रक्षा के लिए हरिद्वार में गुरुकुल कांगड़ी नामक ऐतिहासिक संस्था की नींव रखी।

इस संस्था के माध्यम से इस निर्भीक संन्यासी ने मैकाले की शिक्षा पद्धति को चुनौती देने का कार्य किया जो उस समय पूर्णरूपेण असंभव था। सर्वप्रथम कन्याओं की शिक्षा के लिए विद्यालय खोला तथा सबसे पहले अपने बच्चों को गुरुकुल प्रणाली की शिक्षा हेतु तैयार किया। इसी गुरुकुल कांगड़ी से अनेक विद्वान, राष्ट्रभक्त, बलिदानी तैयार हुए। कल्याण मार्ग के पथिक महात्मा मुंशीराम ने त्याग के महान आदर्श का अनुसरण करते हुए अपनी जालंधर वाली कोठी तथा संपूर्ण संपत्ति आर्य समाज को दान कर दी। वर्ष 1917 में महात्मा मुंशीराम ने संन्यास ग्रहण किया तथा अपना नाम श्रद्धानंद रखा। ईश्वर में इनकी अगाध श्रद्धा थी, इसलिए इन्होंने अपना यह नाम रखवाया। 1919 में जब दिल्ली में कांग्रेस की सभाओं और जलसों को पूर्ण रूप से बंद करने का अंग्रेज सरकार ने आदेश जारी किया तब स्वामी श्रद्धानंद ने चांदनी चौक टाउन हॉल के सामने आंदोलन करते हुए उन्होंने अंग्रेजी सेना के सामने सीना खोलकर गोली चलाने की चुनौती दी थी। इस निडर संन्यासी के सामने उस समय अंग्रेजों को भी नतमस्तक होना पड़ा था। जलियांवाला बाग की दमनकारी तथा क्रूर घटना के बाद पूरे पंजाब मे भय और आतंक का माहौल था, ऐसे डरावने माहौल में कोई भी कांग्रेस का नाम लेने वाला नहीं था तब इन्हीं स्वामी श्रद्धानंद ने अपने दृढ़ संकल्प के बल पर कांग्रेस का अमृतसर में अधिवेशन संपन्न करवाया। गुरुकुल कांगड़ी का प्रबंध आचार्य रामदेव को सौंप कर स्वामी श्रद्धानंद दिल्ली पहुंचे। यहां से उन्होंने अपनी राजनीतिक धार्मिक गतिविधियों का संचालन किया। 1922 में जब सिखों ने गुरु का बाग का सत्याग्रह शुरू किया तो अंग्रेजों ने इसे दबाने का प्रयास किया। स्वामी श्रद्धानंद को जब पता चला तो वे तुरंत अमृतसर पहुंचे और इस सत्याग्रह का संचालन अपने हाथ में लिया। स्वामी श्रद्धानंद ने शुद्धि आंदोलन प्रारंभ करके मुस्लिमों के भय से धर्म परिवर्तन करने वालों को पुनः अपने धर्म में शुद्धिकरण के माध्यम से प्रवेश करवाया। सर्वप्रथम आगरा के मलकाने राजपूतों की स्वधर्म में वापसी करवाकर शुद्धि के इस महान आंदोलन का सूत्रपात किया। राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानंद जी का नाम आर्य जगत में बड़ी श्रद्धा से लिया जाता है। स्वामी दयानंद के व्रत कथा संकल्प को पूर्ण करने के लिए स्वामी श्रद्धानंद ने अपने पूरे जीवन को समर्पित कर दिया।

कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति से नाराज होकर स्वामी श्रद्धानंद ने कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया था। शुद्धि आंदोलन के कार्य से कुछ सांप्रदायिक लोग उनसे नाराज हो गए और 23 दिसंबर 1926 को एक मतांध सांप्रदायिक मुस्लिम ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। स्वामी श्रद्धानंद जीवन पर्यंत राष्ट्र, धर्म, जाति तथा अपने स्वर्णिम वैदिक संस्कृति की रक्षा हेतु प्रयासरत रहे। कल्याण मार्ग के पथिक, अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानंद का यह आदर्शमय तथा त्यागमय जीवन संपूर्ण आर्य जाति के लिए प्रेरणा स्तंभ के समान है। स्वामी श्रद्धानंद का का जीवन परुषार्थ और कर्ममय था।

# आवश्यकता से अधिक मंथन से विष ही निकलता है



संकलित

दर्शन

व्यक्ति को कर्मशील रहना चाहिए, मगर सहज संतुलन भी आवश्यक है। आज की युवा पीढ़ी अधिक व्यस्त है। उसकी इतनी व्यस्तता चिंता का कारण है। व्यस्तता का बड़ा कारण तकनीक का अधिक प्रयोग भी है। युवा चिंतन में लगे रहते हैं। कम समय में अधिक से अधिक काम करना चाहते हैं। समुद्र मंथन का कार्य तो भलाई के लिए हो रहा था और रत्न निकल भी रहे थे, परंतु न तो देवताओं को संतोष था और ना ही असुरों को। अधिक से अधिक रत्न निकालने की चाह में मंथन होता गया और एक समय ऐसा आया, जब विष निकलने लगा, जिसे पीने को कोई तैयार नहीं था। सब त्राहि-त्राहि करते हुए भगवान शिव के पास पहुंचे। भगवान शिव ने विष को पिया और श्रीराम का नाम लिया। युवा नई तकनीक का प्रयोग करें, खोज करें, लेकिन आवश्यकता से अधिक चिंतन न करें। लगातार नई तकनीक में डूबे रहने की आदत का प्रभाव नकारात्मक होता है। आवश्यकता से अधिक मंथन से विष ही निकलता है। आज के समय में विष क्या है? काम, क्रोध, लोभ और मोह तो फिर भी कुछ न कुछ अंश में सांसारिक जीवन के भाग हैं। प्रत्येक व्यक्ति में इसका कुछ भाव होना स्वाभाविक है, लेकिन ईर्ष्या, द्वेष व निंदा का जीवन में कोई काम नहीं है। ये ही समुद्र मंथन से निकले हलाहल (विष) के समान हैं। अब धर्म क्षेत्र में भी ईर्ष्या, द्वेष व निंदा का असर है जो उचित नहीं है। अगर हमें शिव की भक्ति करनी है तो इस विष का पान भी करना होगा। भगवान शिव भक्ति भी देते हैं और मुक्ति (मोक्ष) भी।

# जीवन का, जीवन बीमा



संकलित

प्रेरणा

दो मित्र थे, बड़े परिश्रमी और मेहनती। अपने परिश्रम से दोनों एक दिन बड़े सेठ बन गए। दोनों ने बड़ा व्यवसाय खड़ा कर लिया। पहले सेठ ने अपनी सारी संपत्ति का बीमा करवा लिया। उसने अपने मित्र को बार बार यही परामर्श दिया की वह भी अपनी सम्पत्ति का बीमा करवा ले। परन्तु दूसरे मित्र ने उसकी बात को अनसुना कर दिया। दुर्भाग्य से एक दिन शहर में आग लग गई। दोनों की सारी संपत्ति जल कर राख हो गई। पहले सेठ ने बीमा करवा रखा था इसलिए उसे सारी संपत्ति वापिस मिल गई जबकि दूसरा मित्र निर्धन बन गया। मगर हाथ पछताने के अतिरिक्त उसके पास कोई चारा नहीं बचा था। मनुष्य का यह जन्म भी सेठ की संपत्ति के समान है। हम सभी को मालूम है की एक दिन इस शरीर को भस्म होना है मगर हम हैं की जीवन के इस अटल सत्य को जानकर भी अनसुना कर देते हैं। हम इसका कभी बीमा नहीं करवाते। न सत्कर्म करते है, न अभ्यास और वैराग्य द्वारा मोक्ष मार्ग को सिद्ध करते हैं, न योग मार्ग के पथिक बनते है, न ईश्वर का साक्षात्कार करते है। इसके विपरीत भोग, दुराचार, पाप, राग-द्वेष, ईर्ष्या, अभिमान, अहंकार, असत्य आदि के चक्कर में अपना बीमा ही करवाना भूल जाते हैं। वेद में अनेक मन्त्रों के माध्यम से जन्म-मरण और मुक्ति की पवित्र शिक्षा को कहा गया हैं- शरीररूप बंधन में आकर जीवात्मा जहाँ तहाँ भटकता है- वेद शरीर नश्वर है इसके रहते हुए जो श्रेष्ठ कर्म किया जा सके करले अपने को संभाल के परमात्मा का स्मरण कर-वेद जीवात्मा वासनावश ऊंची नीची योनियों में शरीर धारण करता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### नागरिक चेतना से बचेगी प्रकृति

पर्यावरण संरक्षण की बहस अक्सर एक सुविधाजनक दिशा में मोड़ दी जाती है–सरकारें नीतियां नहीं बनातीं, मंत्रालय निष्क्रिय हैं, कानून कागजों तक सीमित हैं। यह आलोचना पूरी तरह गलत नहीं है। केंद्रीय और राज्य स्तर पर पर्यावरण मंत्रालयों का रिकॉर्ड देखें तो विकास परियोजनाओं के सामने प्रकृति अक्सर सबसे पहले बलि चढ़ती दिखती है। जंगलों की कटाई, नदियों का प्रदूषण, ज़हरीली हवा और भूजल का संकट– इन सबके लिए नीतिगत विफलता ज़िम्मेदार है। पर यह अधूरा सच है। पूरा सच यह है कि पर्यावरण संकट की जड़ें हमारी अपनी जीवन–शैली में गहरी धंसी हुई हैं। हमने पर्यावरण को सरकार का विषय मान लिया है, जैसे वह नागरिक जीवन से अलग कोई विभागीय फाइल हो। नागरिक चेतना जरूरी है। – *जिवेश पाठक, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# भारतीय मूल के वरदराजन स्टारबक्स के सीटीओ बने

अमेरिका की बहुराष्ट्रीय कंपनी 'स्टारबक्स' ने भारतीय मूल के आनंद वरदराजन को अपना नया कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) नियुक्त किया है। करीब दो दशकों तक अमेजन में काम कर चुके वरदराजन को दुनियाभर में कॉफीहाउस श्रृंखला के लिए मशहूर इस कंपनी के वैश्विक प्रौद्योगिकी संचालन की कमान सौंपी गई है। स्टारबक्स के अनुसार, वरदराजन 19 जनवरी से पदभार संभालेंगे, कंपनी की कार्यकारी नेतृत्व टीम में शामिल होंगे और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ब्रायन निकोल के मातहत काम करेंगे। वह डेब हॉल लेफेवर का स्थान लेंगे, जो सितंबर में सेवानिवृत्त हुई थीं।



## ऑफ बीट

# जेनेटिक कोड में एक ही चीज के लिए है बहुत सारे शब्द

आनुवंशिक कोड की सार्वभौमिकता सभी जीवित जीवों के बीच एक सामान्य वंशावली को इंगित करती है और यह कोड जैविक कोशिकाओं की संरचना, कार्य और विनियमन में आवश्यक भूमिका निभाता है। यह समझना कि जेनेटिक कोड कैसे काम करता है, जेनेटिक इंजीनियरिंग और सिंथेटिक जीव विज्ञान की नींव है। लेकिन अभी भी कई अनसुलझे रहस्य हैं, जैसे प्रोटीन फोल्डिंग जैसी विभिन्न जैविक प्रक्रियाओं के लिए कोड क्यों महत्वपूर्ण है। आनुवंशिक कोडबुक चार अक्षरों से बने 'शब्दों' से बनी है: ए, सी, जी और यू। इनमें से प्रत्येक अक्षर एक अलग रासायनिक बिल्डिंग ब्लॉक के लिए है



## ट्रेंड

### सुशासन के लिए कटिबद्ध

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से भेंट हुई। नरेंद्र मोदी और नीतीश के नेतृत्व में एनडीए सरकार प्रदेश में जनकल्याण, विकास और सुशासन को और अधिक ऊंचाई देने के लिए कटिबद्ध है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



### मनरेगा की संरचना खत्म

नरेन्द्र मोदी सरकार ने चर्चा, परामर्श या संसदीय प्रक्रियाओं तथा केंद्र राज्य संबंधों के प्रति सम्मान के बिना मनरेगा को खत्म करने की दिशा में कदम बढ़ाने का प्रयास किया है। योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना तो एक बानगी भर है। सरकार ने मनरेगा की संरचना को नष्ट किया है।

-सोनिया गांधी, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख



### अधिकारी अयोग्य

एसआईआर पर सुनवाई के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर के तौर पर नियुक्त केंद्रीय अधिकारियों को स्थानीय भाषा (बांग्ला) का बहुत कम ज्ञान है। ऐसे अधिकारी संशोधन अभ्यास के दूसरे फेज के दौरान वेरिफिकेशन करने के लिए अयोग्य हैं।

-ममता बनर्जी, सीएम प. बंगाल



### मैं निराश नहीं

विकेट नहीं मिलने से मैं निराश नहीं हूं। मुझे खुशी है कि मैं रणनीति पर अच्छी तरह से अमल करने में सफल रही। अभी चार मैच खेले जाने बाकी हैं। शुरू में मैं थोड़ी नर्वस थी, लेकिन राष्ट्रगान के बाद सहज हो गई थी। -वैष्णवी शर्मा, क्रिकेटर



## संक्षेप

### अमेठी घने कोहरे में तेज रफ्तार कार पलटी

#### सुल्तानपुर जा रहे युवक को चोटें, पुलिस ने चालक को बाहर निकाला

अमेठी , सुबह तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे पलट गई।इस हादसे में कार चालक मामूली रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि यह दुर्घटना भीषण कोहरे और तेज रफ्तार के कारण हुई। यह घटना कमरौली थाना क्षेत्र के लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित महुआबोझ गांव के पास सुबह करीब 4:30 बजे हुई।सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और कार चालक को बाहर निकाला।पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को हटवाकर यातायात सुचारू करवाया। कार सवार युवक की पहचान सुल्तानपुर जिले के पलिया गोलपुर निवासी विकास रंजन पुत्र अनिल कुमार के रूप में हुई है।वह लखनऊ से सुल्तानपुर की ओर जा रहा था। पुलिस के अनुसार, सुबह के समय घना कोहरा छाया हुआ था, जिसके कारण दृश्यता कम थी।इसी दौरान तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई

### देवी भागवत कथा का तीसरा दिन

#### मां दुर्गा के चरित्र, महिषासुर वध प्रसंग का वर्णन

अमेठी ,पीठीपुर घाघूघार में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा के तीसरे दिन मंगलवार को कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े।इस दौरान मां दुर्गा के जयकारों और भजनों से पूरा पंडाल गूंज उठा, जिससे भक्तिमय वातावरण बन गया। कथा व्यास आचार्य नंद किशोर पाण्डेय जी महाराज ने मां दुर्गा के दिव्य स्वरूप और महिषासुर वध प्रसंग का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब भी संसार में अधर्म, अत्याचार और अन्याय बढ़ता है, तब मां भगवती अवतार लेकर दुष्ट शक्तियों का संहार कर धर्म की स्थापना करती हैं।आचार्य पाण्डेय ने महिषासुर वध प्रसंग के माध्यम से यह संदेश दिया कि बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः सत्य और धर्म की ही विजय होती है।कथा व्यास ने देवी उपासना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे मनुष्य के जीवन में साहस, धैर्य और आत्मबल का विकास होता है।उन्होंने बताया कि मां दुर्गा अपने भक्तों की हर संकट से रक्षा करती हैं और उन्हें भय, रोग तथा शोक से मुक्ति प्रदान करती हैं। आचार्य नंद किशोर पाण्डेय ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में संस्कार, संयम और सेवा को अपनाएं।तीसरे दिन की कथा के आयोजन की व्यवस्थाएं आयोजक टीम द्वारा सुचारु रूप से संचालित की गईं। इस अवसर पर आयोजकों में विवेक मिश्रा, मनोज तिवारी, तीरथ राज शुक्ला, अशोक मिश्रा, कुलदीप मिश्रा, नरेंद्र पाण्डेय, सूरज यादव, दीपक शुक्ला, सुभाष विश्वकर्मा, आशीष विश्वकर्मा, हरि नरेन्द्र, अरुण कुमार दुबे, देव मणि तिवारी और केशरी शुक्ला सहित कई भक्तगण, ग्रामवासी और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच में चल रही कृषि गतिविधियों का किया अवलोकन

अमन लेखनी समाचार / मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच प्रथम पर अयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी अमेरिका से आए डेलिगेट्स प्रोफेसर डॉ आशीष सिंह सिंह (एसोसिएट डीन, रिसर्च एंड डिस्कवरी एसोसिएट डायरेक्टर, अयोवा एग्रीकल्चर एंड होम इकोनॉमिक्स एक्सपेरिमेंट स्टेशन)डॉ आरती सिंह एसोसिएट प्रोफेसर (प्लांट ब्रीडर एवं एआई स्पेशलिस्ट) प्रोफेसर डीपी सिंह (फॉर्मर डायरेक्टर रिसर्च गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड, नेशनल फेलो, प्लांट ब्रीडर) पर आगमन हुआ।इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ सीपीएन गौतम द्वारा पधारे हुए गणमान्य अतिथियों का पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ डीपी सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉ आशीष सिंह एवं सह प्रोफेसर डॉ आरती सिंह मौजूद रहे। सभी अतिथियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ शैलेंद्र सिंह, डॉ अरुण कुमार राजभर, डॉ नंदन सिंह, डॉ प्रियंका सिंह, अनिल कुमार पांडे, इंजीनियर राजीव कुमार, संजय कुमार पांडे, मोहम्मद सिराज, चंद्रप्रकाश, पुरुष व महिला कृषक प्रतिभागीयो ने भी माला पहनकर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया।इस अवसर पर प्रोफेसर डीपी सिंह ने बताया कि किसानों को बीज उत्पादन तकनीक के बारे में प्रशिक्षण देना किसानों के हित के लिए बहुत ही जरूरी है।जिस दिन किसान का अपना बीज व अपना खाद अपने घर पर तैयार होगा।उसी दिन से लागत में कमी और मुनाफा ज्यादा मिलेगा। प्रोफेसर डॉ आशीष सिंह ने अमेरिका में किया जा रहे किसानों के हित में कार्यों के बारे में विस्तृत वर्णन किया और आए हुए प्रतिभागियों के बीच में अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि जब तक किसान तकनीकी रूप से मजबूत नहीं होगा तब तक किसान की आमदनी में अच्छा परिवर्तन नहीं होगा। कृषि की नई-नई तकनीकियों का प्रचार प्रसार मैं कृषि विज्ञान केंद्र की मुख्य भूमिका है। किसान भाइयों को समय-समय पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों से मिलकर अपनी समस्याओं का निदान करते रहना चाहिए। कार्यक्रम के ही विशिष्ट अतिथि डॉ आरती सिंह ने स्लाइड प्रेजेंटेशन के माध्यम से ए आई तकनीक से लाभदायक व हानिकारक कीटों की पहचान व उसके निदान के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। तथा मक्का में लगने वाले कीटो के प्रबंधन पर चर्चा की। केंद्रके वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ सीपीएन गौतम सभी अतिथियों को केंद्र द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। केंद्र के समस्त वैज्ञानिकों के साथ कृषि विज्ञान केंद्र के तकनीकी पार्क, प्राकृतिक खेती इकाई व केंद्र के प्रक्षेत्र पर में लगाई गई फसलों का अवलोकन भी कराया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ वैज्ञानिक सस्य विज्ञान डॉ शैलेंद्र सिंह ने किसानों को गेहूं व जौ बीज उत्पादन तकनीक के चरणबद्ध तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही साथ समय से व देरी से बोई जाने वाली गेहूं की प्रजातियां के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।वैज्ञानिक कृषि प्रसार डॉ अरुण कुमार राजभर ने यह बताया कि किस प्रकार से स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से तथा कृषक उत्पादक संगठन बनाकर सफल बीज उत्पादन कर सके, इसके बारे में जानकारी दी।मृदा वैज्ञानिक डॉ नंदन सिंह ने बताया कि बीज उत्पादन कार्यक्रम जिस खेत में करना है सबसे पहले उसकी मिट्टी के नमूनों की जांच जरूर काराये।और साथ ही प्राकृतिक खेती की विस्तृत जानकारी दी। वैज्ञानिक बीज प्रौद्योगिकी डॉ प्रियंका सिंह ने बीज बैंक के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए किस प्रकार से किसान बीज पैदा करें इसके बारे में विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम में स्लाइड प्रेजेंटेशन तकनीकी रूप से संबंधित समस्त कार्यों का निर्वहन कंप्यूटर प्रोग्रामर इंजीनियर राजीव कुमार द्वारा संपादित किया गया। इस अवसर पर 30 से ज्यादा महिला व पुरुष किसानों ने प्रतिभा किया। कार्यक्रम में केंद्र के अनिल कुमार पांडे, इंजीनियर राजीव कुमार, संजय कुमार पांडे, मोहम्मद सिराज व चंद्र प्रकाश, जानकी, व अयोध्या, उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन डॉ सीसीपीएन गौतम द्वारा किया गया।

# सम्मानः सेवानिवृत्ति पीआरडी जवान को दी गई विदाई



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। शुक्रवार को जनपद के पीआरडी कार्यालय में चितौरा कंपनी के जवान रामविलास की सेवानिवृत्ति के मौके पर साथी जवानों और अधिकारियों की उपस्थिति में माल्यार्पण के साथ भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी देवेश शुक्ला ने बताया कि रामविलास वर्ष 1989 में विभाग में सम्मिलित हुए थे और 36 वर्षों की सेवा के उपरांत सेवानिवृत्ति हुए।इस अवसर पर उन्हें सम्मान के साथ विदाई समारोह का आयोजन किया गया तथा शाल, टॉर्च, छाता रामचरितमानस आदि भेंट करते हुए विदाई दी गई। इस मौके पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी देवेश शुक्ला, विनम्र शुक्ला, जवाहर लाल शर्मा, हबीब अहमद, राम शंकर पाठक, दिनेश शुक्ला समेत अन्य पीआरडी जवान उपस्थित रहे।

# रूपईडीहा में वीर बाल दिवस एवं महान क्रांतिवीर सरदार उधम सिंह की मनाई गई जयंती

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। भारत नेपाल सीमा पर स्थित नगर पंचायत रुपईडीहा में भाजपा किसान मोर्चा कार्यालय पर वीर बाल दिवस एवं जलियांवाला बाग नरसंहार के प्रतिशोधी, महान क्रांतिवीर व अमर शहीद सरदार उधम सिंह की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई।इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर कोटिश नमन किया गया।कार्यक्रम का आयोजन भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष भीमसेन मिश्रा के अथक प्रयासों से संपन्न हुआ। वीर बाल दिवस के अवसर पर सिख इतिहास के महान बाल वीर बाबा जोरावर सिंह जी एवं बाबा फतेह सिंह जी द्वारा धर्म की रक्षा हेतु दिए गए सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।कार्यक्रम में पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय मिश्रा द्वारा सिख समुदाय के उपस्थित सरदारों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत रुपईडीहा के चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य रहे।उन्होंने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि वीर बाल दिवस प्रत्येक वर्ष 26 दिसंबर को हमें साहस, त्याग और धर्म रक्षा की प्रेरणा देता है।साथ ही उन्होंने जलियांवाला बाग के प्रतिशोधी महान क्रांतिवीर सरदार उधम सिंह जी की जयंती पर उन्हें सादर प्रणाम किया।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष महाराज दीन वर्मा, सरदार मधई सिंह, सरदार बसंत सिंह, गुरमेज सिंह, सरदार हरजीत सिंह, सरदार दसमेघ सिंह, सरदार ईश्वर सिंह, सरदार राजवीर सिंह, सरदार रमनदीप सिंह, सरदार अमनदीप सिंह, सरदार जयवीर सिंह, भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष भीमसेन मिश्रा, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विजय सिंह, राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संघ के उपाध्यक्ष दीपक आर्या सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सरदार मधई सिंह ने चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य से अपील करते हुए कहा कि नगर पंचायत रुपईडीहा में स्थित सिख समुदाय के गुरुद्वारे पर व्यक्ति विशेष द्वारा किया गया कब्जा हटवाकर गुरुद्वारे के निर्माण में सिख समाज को सहयोग प्रदान किया जाए।

# बीएलओ ने मतदाता सूची में किया खेल, नाबालिग का बिना पत्नी के पति पत्नी क

## ग्राम प्रधान प्रियंका ने उच्च अधिकारियों से की शिकायत

#### तहसील मिहींपुरवा के ग्राम पंचायत दलजीत पुरवा का मामला

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। जिले में मतदाता सूची में फजीर्वाड़ा का खेल खेला जा रहा है बीएलओ से मिलकर लोग फर्जी तरीके से फर्जी मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ रहे हैं इसकी शिकायत जब ग्राम प्रधान ने उच्च अधिकारियों से की तो जिले में हड़कंप मच गया।

पंचायत चुनाव की तैयारी की शुरूआत होते ही तहसील मिहींपुरवा के ग्राम पंचायत दलजीतपुरवा गांव में चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां मतदाता सूची में ऐसा खेल हुआ कि बिना शादी के ही एक युवक की पत्नी के बिना उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज कर दिया गया है जिससे बीएलओ की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं।ताजा मामला तहसील मिहींपुरवा विकास खंड बलहा के दलजीतपुरवा का है। जहां पंचायत चुनाव में फर्जी वोटिंग का रास्ता साफ करने के लिए बीएलओ और संभावित प्रत्याशी के बीच गठजोड़ हुआ हो।गांव की मतदाता सूची में क्रम संख्या 496 पर दर्ज ब्रह्मानंद पुत्र सुखराम की बिना विवाह के पत्नी के रूप में क्रम संख्या 497 पर ह्यमनीषाह्न का नाम जोड़ दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि ब्रह्मानंद की उम्र अभी 18 वर्ष से भी कम है।इस पूरे मामले में चुनाव लडने वाले संभावित लोगों से मिलीभगत कर मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है। और सूची में 130 से अधिक नाबालिगों के नाम जोड़कर इसे विवादित बनाया गया।ग्रामीणों के अनुसार 23 दिसंबर को प्रकाशित सूची से पहले वाली मतदाता सूची में 290 मकान नंबर पर 80 से अधिक नाम दर्ज थे, जिनमें नेपाल और अन्य जिलों में रहने वाले लोगों के नाम भी शामिल थे।हालांकि नए प्रकाशन में वे नाम हट गए, लेकिन इसके बाद नाबालिगों के नाम जोड़कर सूची फिर से विवादों में आ गई। जबकि मौजूदा महिला ग्राम प्रधान प्रियंका ने बीएलओ की लापरवाही और पूर्व प्रधान के साथ कथित गठजोड़ को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उपजिलाधिकारी से शिकायत की गई थी, लेकिन सुस्त कार्रवाई के कारण कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे बीएलओ के हौसले बढ़े हुये हैं। इस मामले पर जब मिहींपुरवा तहसील के नायब तहसीलदार ब्रह्मदीन यादव से बात की गई तो उन्होंने ने कहा कि मतदाता सूची में कोई भी फर्जी नाम नहीं रहने दिया जाएगा। दावा-आपत्ति प्रपत्र भरवाकर सभी गलत प्रविष्टियां हटाई जाएंगी, ताकि सरकार की निष्पक्ष चुनाव कराने की मंशा पूरी हो सके।वही मतदाता सूची में गड़बड़ी के बाद से ग्राम पंचायत से लेकर जनपद में भी तरह-तरह की चचाएं हो रही है।

# झुलसा एवं माहू कीट का समय से निदान करें कृषकः प्रिया नन्दा

अमन लेखनी समाचार

बहराइच।जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रियानन्दा ने वर्तमान समय में मौसम के तापमान में उतार चढाव एवं बदली छायी रहने के कारण आलू में झुलसा (ब्लाइट) बीमारी की सम्भावना बढ जाती है।झुलसा (ब्लाइट) रोग दो प्रकार का होता है पहला अगेती झुलसा दूसरा पिछेती झुलसा।आलू की फसल में पौधे जलने की समस्या अगेती झुलसा रोग के कारण होती है।इस रोग की शुरूआत दिसम्बर से जनवरी माह में होती है।झुलसा (ब्लाइट) बीमारी के लगने की दशा में आलू की पत्तियाँ सूखने लगती है एवं गोल या अण्डाकार भूरे रंग के छल्लेयुक्त चक्कतें पड जाते है।चक्कतें धीरे-धीरे बढने लगते है और पौधा मर जाता है।इस बीमारी के लक्षण दिखाई देने की दशा में किसान भाई मैनकोजेब 75 प्रति0 डब्लू.पी. की 2 कि0ग्रा0 प्रति हेक्टेयर अथवा कॉपरआक्सीक्लोराइड 50 प्रति0 की 2.5 किग्रा0 मात्रा 800-1000 लीटर पानी में मिलाकर प्रति हैक्टेयर की दर से छिडकाव करें तथा आवश्यकतानुसार 15 दिन के अन्तराल पर दोबारा प्रयोग करें।वर्तमान समय में तापमान के बदलाव के कारण सरसो की फसल में माहू कीट लगने की सम्भावना बढती है।इस कीट के शिशु एवं प्रौंढ पौधो के कोमल तनो, पत्तियो एवं फूलो के रस चूसकर उन्हे कमजोर कर देते है साथ ही रस चूसते समय पत्तियो पर मधुश्राव भी करते है, जिसपर काले कवक का प्रकोप होता है और प्रकाश संश्लेषण की क्रिया बाधित होती है। इस रोग का प्रकोप दिसम्बर से मार्च तक बना रहता है।जनवरी के प्रथम सप्ताह में जहॉ कीट के समूह दिखाई दें उन टहनियो को तोड कर अलग कर देना चाहिए। खेत में इस कीट का आक्रमण लगभग 20 प्रतिशत हो जाने की दशा में एजाडिरेक्टिन 0.15 प्रति ई.सी. (नीम आयल) 2.5 मिली0/लीटर पानी अथवा इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रति0 ई.सी. की 0.5 मिली0/लीटर पानी के साथ अथवा क्लोरपायरीफॉस 20 प्रतिशत ई.सी. की 2.5 मिली0/लीटर पानी के साथ मिलाकर छिडकाव करें।सरसो में सफेद गेरूई रोग से बचाव हेतु मैनकोजेब 75 प्रति0 डब्लू.पी. की 2 किग्रा0 मात्रा 500-600 लीटर पानी में मिलाकर प्रति हैक्टेयर की दर से छिडकाव करें।वर्तमान समय में गेंहू की फसल में सकरी पत्ती के खरपतवार हेतु सल्फोसल्फयूरॉन 75 प्रति डब्लू.जी की 33 ग्राम मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से तथा चौडी पत्ती के खरपतवार हेतु 2-4 सोडियम साल्ट 80 प्रति0 की 625 ग्राम मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करें।गेंहू की फसल में चौडी एवं सकरी पत्ती के खरपतवार हेतु सल्फोसल्फयूरॉन 75 प्रति मेट सल्फयूरॉन 20 प्रति की 40 ग्राम मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से बुवाई के 25-30 दिन के अन्दर पहली सिचाई के बाद प्रयोग करें। किसान भाई किसी भी समस्या/सुझाव हेतु अथवा कीट/रोग के लगने की दशा में रोगग्रस्त फसल/पौधे के फोटो के साथ विभागीय पी.सी.एस. आर. एस. नम्बर 9452247111 एवं 9452257111 पर व्हाटसएप अथवा टेक्सट मैसेज के माध्यम से शिकायत कर सकते है। किसान भाईयो को समस्या लिखते समय अपना पूरा नाम व पूरा पता (ग्राम, विकासखण्ड एवं तहसील आदि का नाम) भी अंकित करना होगा।समस्या का समाधान 48 घण्टे के भीतर कर दिया जाएगा।

# मुख्य वन संरक्षक मध्य जोन लखनऊ डॉ0 रेनू सिंह ने किया रूपईडीहा क्षेत्र का दौरा

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच।भारत नेपाल सीमा पर स्थित नगर पंचायत रुपईडीहा क्षेत्र में बाघ देखे जाने की सूचना के बाद सीमावर्ती इलाकों में दहशत का माहौल बना हुआ है।ज्ञात हो कि बीते दिनों बाघ ने तीन ग्रामीणों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था, जिसके बाद से ग्रामीणों में भय व्याप्त है।इस संबंध में वन रेंज अधिकारी रुपईडीहा अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बाघ दिखाई देने की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीमें सक्रिय हो गई थीं। तभी से पूरे क्षेत्र में लगातार सघन गश्त और सर्च अभियान चलाया जा रहा है।हालांकि, उसके बाद दोबारा कहीं भी बाघ नजर नहीं आया है, फिर भी पूरी सतर्कता बरती जा रही है।वन विभाग द्वारा तीन टीमों का गठन किया गया है, जो 24 घंटे गश्त कर रही हैं। प्रत्येक टीम आठ-आठ घंटे की ड्यूटी में क्षेत्र की निगरानी कर रही है। साथ ही जंगल से सटे गांवों के ग्रामीणों को भी जागरूक किया जा रहा है और उन्हें आपसी समन्वय से गश्त करने की सलाह दी गई है, जिस पर ग्रामीण मुस्तैदी से अमल कर रहे हैं। इसी क्रम में हालात का जायजा लेने के लिए मुख्य वन संरक्षक मध्य जोन लखनऊ श्रीमती डॉ. रेनू सिंह, वन संरक्षक देवीपाटन मंडल डॉ. सिन्हारन तथा डीएफओ बहराइच डॉ. राम सिंह यादव सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने शुक्रवार को प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। अधिकारियों की टीम ने सबसे पहले रुपईडीहा स्थित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट का निरीक्षण किया, जहां बाघ देखे जाने की पुष्टि हुई थी। इसके बाद उस गांव का भी दौरा किया गया, जहां बाघ के हमले में ग्रामीण घायल हुए थे। अधिकारियों ने घायलों का हालचाल लिया और ग्रामीणों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए सतर्क रहने की अपील की। तत्पश्चात अधिकारियों की टीम अब्दुल्लागंज रेंज पहुंची, जहां एक दिन पूर्व ग्रामीण क्षेत्र में तेंदुआ देखे जाने और हमले की सूचना मिली थी। वन रेंज अधिकारी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जंगल क्षेत्र में बाघ के पगचिन्ह मिले हैं, जिससे प्रतीत होता है कि बाघ वापस जंगल की ओर लौट गया है।फिलहाल लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन एहतियात के तौर पर वन विभाग की टीमें लगातार क्षेत्र में गश्त और निगरानी कर रही हैं।

# अमरनाथ शिक्षण संस्थान में नृत्य, गीत एवं संगीत का भव्य एवं अनूठा समागम

#### कमला आनंद फाउंडेशन द्वारा आयोजित हुआ संगीत समारोह

#### अमरनाथ शिक्षण संस्थान में मौ0 रफी के तरानों पर जम कर झूमे विद्यार्थी

अमन लेखनी समाचार मथुरा




जनपद की प्रमुख शिक्षण संस्था अमर नाथ शिक्षण संस्थान में विश्वप्रसिद्ध महान गायक मौ. रफी के जन्मदिन के अवसर पर कमला आनन्द फाउण्डेशन द्वारा शानदार संगीतमय कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध सिने अभिनेता धर्मेन्द्र, प्रख्यात संगीतकार नौशाद, प्रख्यात लेखक ओम प्रकाश शर्मा, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी जी को भी याद किया गया।कार्यक्रम में अमर नाथ शिक्षण संस्थान के छात्र-छात्राओं ने अपने बेमिसाल नृत्य एवं अभिनय प्रतिभा के माध्यम से नृत्य, गीत एवं संगीत की मधुर श्रृद्धांजलि अर्पित की । विद्यार्थियों की प्रतिभा को देखकर सभी अतिथि अचम्भित हो गये । उन्होंने गद्गद होते हुये कहा कि इस तरह का अनूठा कार्यक्रम उन्होंने पहली बार देखा है । वर्तमान समय के प्रसिद्ध लेखक, साहित्यकार एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पराग धीमरी ने सभी को शानदार कार्यक्रम के लिये बधाई देते हुये कहा कि अच्छा संगीत मेडीसन का काम करता है। आर.बी.आई. अवॉक इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख अनीश वाजपेयी, श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के सचिव महेन्द्र प्रताप सिंह, हाईकोर्ट दिल्ली के वरिष्ठ अधिवक्ता मोहित यादव, डा. राघवेन्द्र चौधरी, दिव्या वाजपेयी सहित सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुये कहा कि छात्र-छात्राओं ने अपने शानदार अभिनय से कार्यक्रम को इन्द्रधनुष का आकार दिया है। अमर नाथ शिक्षण संस्थान के चैयरमेन डा. आदित्य कुमार वाजपेयी, अमर नाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डा. अनिल वाजपेयी, अमर नाथ विद्या आश्रम के प्रधानाचार्य डा. अरूण कुमार वाजपेयी, स्कूल कोर्डनेटर शुभम वाजपेयी ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। कमला आनन्द फाउण्डेशन के अध्यक्ष सुयश वाजपेयी ने बताया कि महान शिक्षाविद् पं. आनन्द मोहन वाजपेयी एवं समाजसेविका स्व. श्रीमती कमला वाजपेयी जी की स्मृति में बने कमला आनन्द फाउण्डेशन के विषय में बताते हुये कहा कि यह संस्था कलाकारों की प्रतिभा को निखारने तथा गरीब बच्चों की मदद करती है।उन्होंने महान गायक मौ. रफी, अभिनेता धर्मेन्द्र, संगीतकार नौशाद के जीवन चरित्र को संक्षेप में बताया। उन्होंने बताया कि मौ. रफी ने जीवन के हर पहलू को ध्यान में रखते हुये अपने मधुर स्वर में लगभग 25 हजार से अधिक गीतों को विभिन्न भाषाओं में गाया है। इस अवसर पर कमला आनन्द फाउण्डेशन के द्वारा ब्रज प्रांत के संगीत कलाकार मनोज राठौर, माण्डवी राठौर, किशोर, विकास, ऋषभ, सचिन, ऋतु सहित अन्य कलाकारों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्व. पं. आनन्द मोहन वाजपेयी एवं समाजसेविका स्व. श्रीमती कमला वाजपेयी जी के छायाचित्रों पर पुष्पांजलि के साथ हुआ मौ. रफी के जन्मदिवस के अवसर पर उन्हीं के गीतों से सजा नृत्य एवं संगीत का मधुर कार्यक्रम ह्यमुझे तुम याद आये...ह्न का प्रारम्भ अतिथियों द्वारा छोटे बच्चों के साथ केक काट कर किया।अमर नाथ शिक्षण संस्थान की छात्र-छात्राओं ने मौ. रफी के सुपरहिट गीतों पर जब प्रस्तुतियां दी तो मातृकृपा सभागार का वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा । छात्र-छात्राओं ने गीत- बार बार दिन ये आये, मुझे तुम याद आये, गोरी चलो न हंस का चाल, दिल कहे रूक जा, तेरी आंख का इशारा न होता, तेरे हाथों पहना के चूड़ियां..., मन रे काहे न धीर धरे, यूं चाल चलो न मतवाली, हाय तबस्सुम तेरा.., लो चेहरा सुर्ख हुआ..., मेरे महबूब, नाजनीन बड़ा रंगीन है वादा तेरा..., हुस्न वाले तेरा जबाब नहीं.., अच्छा जी मैं हारी..., आजा आजा मैं हूं प्यार तेरा, मेरी जिन्दगी में आते, रूख से जरा नकाब हटाओ, कितना प्यारा वादा, आज पुरानी राहों से, ये जुल्फ अगर खुल जाये, मधुबन में राधिका नाचे जैसे शास्त्रीय गीत, भावुक गीत, नृत्यगीत आदि खुशी व गम से परिपूर्ण गीतों पर जहां सुन्दर नृत्य एवं अभिनय प्रस्तुत किया तो आज पुरानी राहों सेह्न जैसे गीत पर असलम खान के प्रस्तुत मार्मिक मंचन ने सभी दर्शकों की आंखों को नम कर दिया । छात्र-छात्राओं ने जीवन के सभी पहलुओं पर गीत-नृत्य प्रस्तुत का दर्शकों की वाहवाही लूटी । अमर नाथ शिक्षण संस्थान के चैयरमेन डा. आदित्य कुमार वाजपेयी ने सभी विद्यार्थियों एवं कलाकारों की प्रतिभा की प्रशंसा की । सुयश वाजपेयी, डा. सोनिका शर्मा ने जीवन्त संचालन से प्रत्येक गीत की फिल्म, कलाकारों का परिचय देकर सम्पूर्ण कार्यक्रम को और भी रोचक एवं ज्ञानपूर्ण बना दिया । समस्त कार्यक्रम का निर्देशन डा. अनिल कुमार वाजपेयी ने किया ।इस अवसर पर अमेरिका से पधारे डा. शाश्वत वाजपेयी, आकांक्षा, पवन चतुर्वेदी, चैतन्य चित्रकार सहित जनपद के प्रमुख गणमान्य व्यक्ति एवं सम्माननीय अभिभावक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम में रेनू वाजपेयी, मीता वाजपेयी, के.के. दीक्षित, सुनील तिवारी, अनुराग शर्मा, असलम खान, जय लक्ष्मी सारस्वत, आरती पाठक, मनोरमा कौशिक, कनिका अग्रवाल, चंचल अग्रवाल सहित अमर नाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज एवं ग्रोइंग सोल किड्ज गुरूकुल के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों का सहयोग सराहनीय रहा है ।

## संक्षेप

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग से हुआ लाखो का नुकसान

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के खजुहा कस्बे ब्लॉक मुख्यालय के बगल में स्थित रामलाल के होटल दिव्या जलपान गृह में विगत रात्रि गुरुवार प्रातः शुक्रवार शार्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे होटल मालिक ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग कि लगभग 1 से 1.5 लाख रुपये का नुकसान हुआ हैहोटल के मालिक रामलाल ने बताया कि उन्होंने रात 9 बजे होटल को बंद करके घर चले गए थे। इसके बाद अचानक सर्किट से आग लग गई। जब आग की लौ ऊपर निकली, तब गस्त कर रहे सिपाही ने देखा और रामलाल को बुलाकर दुकान खुलवाई गई। केबल काटकर आग बुझाई गई।आग में जलने वाले उपकरणों में बैटरी, इन्वर्टर, टीवी, फ्रिज, नमकीन, प्लास्टिक के गिलास, और कोल्ड ड्रिंक की बोतले शामिल हैं। मौके पर स्थानीय लेखपाल ने सर्वेक्षण किया

### बुलेट के सायलेंसर से तेज आवाज आने पर जुर्माना

**बागपत में 28,500 का चालान, यातायात नियमों पर पुलिस सख्त**

बागपत ,वंदना चौक पर ट्रैफिक पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक बुलेट मोटरसाइकिल का 28,500 रुपए का चालान काटा और उसे सीज कर दिया। यह कार्रवाई प्रतिबंधित साइलेंसर के इस्तेमाल के कारण की गई, जिससे तेज और अनावश्यक आवाज निकल रही थी। ट्रैफिक इंस्पेक्टर सतेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मी वंदना चौक पर वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक चालक को रोका गया, जिसकी मोटरसाइकिल में लगा साइलेंसर अत्यधिक तेज ध्वनि उत्पन्न कर रहा था। नियमों के उल्लंघन पर पुलिसकर्मियों ने सख्त कार्रवाई करते हुए यह भारी-भरकम चालान जारी किया। ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे प्रतिबंधित साइलेंसर का उपयोग न करें, अन्यथा ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ट्रैफिक इंस्पेक्टर सतेंद्र सिंह ने यह भी कहा कि सभी वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें। इससे वे स्वयं और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकेंगे, साथ ही अन्य राहगीरों को भी किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

मेरठ , दौराला थाना क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। हादसा सोमवार रात करीब 12 बजे रुहासा गांव के पास रेलवे ओवरब्रिज के पास हुआ। दौराला पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन देर रात तक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस के अनुसार, मृतक की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष के बीच मालूम हो रही है। युवक के पास से कोई पहचान पत्र या ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला

# मथुरा में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान व कार्रवाई की मांग

## क्षत्रिय करणी सेना ने दिया ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

मथुरा में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर क्षत्रिय करणी सेना (उत्तर प्रदेश) ने जिलाधिकारी के माध्यम से भारत सरकार को ज्ञापन सौंपा है। संगठन ने हाल ही में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार, हत्या और धार्मिक उत्पीड़न पर गहरी चिंता जताई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि बांग्लादेश में लगातार अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले, हत्या और अमानवीय व्यवहार की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे न केवल मानवाधिकारों का हनन हो रहा है, बल्कि क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा भी प्रभावित हो रही है। संगठन ने दीप दास और अमित मंडल की नृशंस हत्या का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। क्षत्रिय करणी सेना ने मांग की है कि– भारत सरकार द्वारा बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कड़ा विरोध दर्ज कराया जाए। दोषियों के खिलाफ निष्पक्ष और त्वरित जांच कर सख्त सजा सुनिश्चित की जाए। मथुरा जिले में रह रहे अवैध बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान कर दस्तावेजों का सत्यापन किया जाए। जिन व्यक्तियों का भारत में निवास अवैध पाया जाए, उनके विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई करते हुए निर्वासन किया जाए। जिले की कानून-व्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रशासन, पुलिस और खुफिया




तंत्र के बीच समन्वय बढ़ाया जाए। संगठन ने स्पष्ट किया कि यह ज्ञापन किसी समुदाय विशेष के विरुद्ध नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, कानून का शासन और मानवाधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से दिया गया है। क्षत्रिय करणी सेना ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में हालात और गंभीर हो सकते हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव में पुरस्कृत हुए नौनिहाल

## ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में सभी विद्यालयों ने चढ़ -बढ़ कर लिया हिस्सा

अमन लेखनी समाचार



मलवां, फतेहपुर। जनपद के मलवां विकासखंड अंतर्गत हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम उत्सव आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार द्वारा की गई जहां कार्यक्रम के शुभारंभ में शिक्षिका नेहा भदौरिया ने सरस्वती वंदना करते हुए कार्यक्रम को गति प्रदान की संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन स्कूल रेडिनेस नोडल पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर की प्रधानाध्यापिका वैष्णो कीर्ति शुक्ला एवं शिक्षिका साधना गुप्ता द्वारा किया गया मंचीय संचालन करते हुए हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव अंतर्गत संचालिका वैष्णो कीर्ति शुक्ला ने कार्यक्रम के बारे में बृहद जानकारियां दी वही स्कूल रेडीनेस नोडल सुनील कुमार दीपक कुमार आदि के द्वारा भी कार्यक्रम में सराहनीय सहयोग प्रदान किया गया आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्ण विकासखंड के प्रत्येक न्याय पंचायत से कुल पांच एवं विकासखंड के कुल 45 बच्चों को पुरस्कृत किया गया पुरस्कृत होने वाले बच्चों में तीन प्राथमिक विद्यालय तथा दो आंगनवाड़ी के बच्चे सम्मिलित किए गए आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों समेत प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार ने आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत उपस्थित सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा शिक्षकों गणमान्य लोगों को अनेक जानकारियां देते हुए प्रेरणा दी वही खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने कर कमलों से सभी 45 बच्चों को पाठ्य सामग्री देकर पुरस्कृत किया

# स्वास्थ्य विभाग में मीटिंग हॉल का उद्घाटन



**25 लाख की लागत से विधायक निधि से निर्मित हुआ मीटिंग हॉल**

अमन लेखनी समाचार

मथुरा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय प्रांगण में विधायक श्रीकांत शर्मा जी (पूर्व ऊर्जा मंत्री)की विधायक निधि से 25 लाख रु की राशि से निर्मित मीटिंग हॉल का उद्घाटन किया गयो माननीय विधायक श्रीकांत शर्मा की उपस्थिति में एनएमटीसी की छात्राओं द्वारा नवनिर्मित हॉल का अनावरण कर उद्घाटन किया गयो 40. 20 फीट के मीटिंग हॉल का निर्माण कार्यदाई संस्था यूपीएसआईसी द्वारा किया गया है श्रीकांत शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण मांगों को भी पूर्ण करने का आश्वासन दियो अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राधा वल्लभ,एसीएमओ डॉ आलोक कुमार, निर्माण के नोडल डॉक्टर अनुज कुमार, डॉ रोहितास सिंह, डॉ अनुज चौधरी,डॉ एस पी राठौड़, कार्यदाई संस्था के अवर अभियंता सुरेंद्र सिंह और सीएमओ कार्यालय के अवर अभियंता कप्तान सिंह आदि उपस्थित रहे

# मोहनलाल इंटर कॉलेज में मनाया गया वीर सपूतों का शहादत दिवस

## बलिदान दिवस पर याद आए सरदार गुरु गोविंद सिंह के नन्हे मुन्ने बच्चे

अमन लेखनी समाचार




फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे में संचालित मोहनलाल इंटर कॉलेज प्रांगण में देश धर्म की रक्षा के लिए बलिदान होने वाले नन्हे मुन्ने वीर सपूतों का बलिदान वीर बाल दिवस संगोष्ठी के रूप में मनाया गया कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के राज्य परिषद सदस्य डॉक्टर रामभक्त वर्मा ने दीप प्रज्वलन करते हुए गुरु गोविंद सिंह समेत उनके नन्हे नन्हे बच्चों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी बीरबाल दिवस के संगोष्ठी कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य अतिथि डॉक्टर रामभक्त वर्मा ने अपने संबोधन में बताया कि गुरु गोविंद सिंह का जन्म 22 दिसंबर 1666 को देश के बिहार प्रांत पटना में हुआ था गुरु गोविंद सिंह जी को सिक्खों का दसवां गुरु भी माना जाता है वही यह सिख्ख खालसा सेवा के संस्थापक तथा प्रथम सेनापति भी थे धर्मगुरु गुरु गोविंद सिंह के चार सुपुत्र अजीत सिंह जुझार सिंह जोरावर सिंह तथा फतेह सिंह थे जिन्होंने धर्म की रक्षा के लिए मुस्लिम शासक के आगे नतमस्तक ना होकर अपना बलिदान दे दिया मुस्लिम शासक औरंगजेब ने गुरु गोविंद सिंह के नन्हे मुन्ने बालक जोरावर सिंह तथा फतेह सिंह को जीवित ही दीवार पर चुनवा दिया मुस्लिम शासक औरंगजेब ने यह घटना सन 1704 में की जिसे आज भी संपूर्ण देश वीर बाल दिवस के रूप में मना रहा है मुख्य अतिथि ने धर्म और देश के प्रति न्योछावर हो जाने वाले नन्हे मुन्ने बच्चों का जीवन चरित्र विस्तृत रूप से सुनाया जहां प्रांगण में बैठे समूचे विद्यालय परिवार समेत नन्हे मुन्ने बच्चों की आंखें नम हो उठी मौके पर उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता पूर्व जिला मंत्री साहब सिंह गौतम विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय सिंह आदि ने भी समर्पण भावना का संदेश देते हुए बच्चों को अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक धर्मेंद्र वर्मा श्वेता उमराव अर्चिता द्विवेदी संचिता द्विवेदी सत्यजीत अभिनव द्विवेदी कुलदीप पाल मनीष सिंह रणधीर सिंह पिंटू चक शुभम ठाकरे समेत भारी संख्या में मौजूद गणमान्य अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं ने भी वीर सपूतों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की आए हुए सभी अतिथियों एवं गणमान्य लोगों का विद्यालय के प्रबंधक धर्मेंद्र वर्मा उर्फ पप्पू ने सादर आभार व्यक्त किया

# मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण की नई उपाध्यक्ष बनी लक्ष्मी एन



अमन लेखनी समाचार

मथुरा। आईएएस लक्ष्मी एन ने पदवार संभालते हुए पत्रकार वार्ता की। और पत्रकारों रूबरू हुई। इस दौरान उन्होंने कहा कि मथुरा वृंदावन एक ऐतिहासिक जगह है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण के अंतर्गत स्थित सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को मास्टर प्लान के तहत संरक्षित करने का काम करेंगी। प्राधिकरण की नवागत उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन 2019 बैच की आईएएस अधिकारी है। जिनका पूरा नाम लक्ष्मी नागप्पन है। आगरा कानपुर सहित अन्य जगहों पर भी वह अपनी सेवाएं दे चुकी है। इससे पहले वह कानपुर देहात की मुख्य विकास अधिकारी के पद पर रही। अब उनका मथुरा जनपद में तबादला होने के बाद वह प्राधिकरण की नवजात उपाध्यक्ष बनी है।

# गार्ड को पीटने वालों का नहीं मिला सुराग

## एसीपी बोलीं- आरोपी जल्द पकड़े जाएंगे, स्कॉर्पियो रोकने पर हुआ था विवाद

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, गार्ड को 6-7 लोगों ने बेरहमी से पीटा। जिस पर पिस्टल के बल पर अपहरण का प्रयास करते हुए सरेआम लात घूंसे बरसाए। डंडे बरसाए। बेल्ट से पीटकर फिर ब्लैक कलर की स्कार्पियो में डाल लिया। वीडियो के आधार पर पुलिस ने क्रासिंग रिपब्लिक थाने में केस दर्ज किया। अभी तक आरोपियों का सुराग नहीं लगा है। अउढ क्रासिंग रिपब्लिक प्रिया श्रीपाल ने कहा कि आरोपियों की तलाश में 2 टीमें लगी हैं। लगातार दबिश दी जा रही है। जो भी वीडियो में शामिल है उसे बख्शा नहीं जाएगा। सोसाइटी के गेट पर सुबह करीब 9.40 बजे एक स्कॉर्पियों रुकती है। गाड़ी में सवार लोग जबरन सोसाइटी में घुसने की कोशिश करते हैं। तभी गाड़ी उन्हें रोक देता है। इससे गुस्साए 5 लोग गाड़ी से पिस्टल और लाठी-डंडे लेकर उतरते हैं। एक युवक गार्ड की कनपटी पर पिस्टल सटाकर उसे पहले जमकर लात-घूसों से पीटता है। फिर कॉलर पकड़कर उसे घसीटते हुए लाता है और गाड़ी में डाल देता है। इस बीच एक युवक गार्ड को लाठी से भी मारता है।

### स्कॉर्पियो रोकने पर हुआ विवाद

सौरभ क्रॉसिंग रिपब्लिक सोसाइटी के गेट नंबर-2 पर



उनकी तैनाती है। सौरभ मास्टर गार्ड प्रोटेक्टिव सर्विसेज प्रा. लि. में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करता है। गॉर्ड सौरभ ने बताया- मुझे सोसाइटी के अडअ से निर्देश मिला है कि बिना सोसाइटी स्टिकर वाले वाहनों को गेट नंबर-1 से प्रवेश नहीं दिया जाएगा। ऐसे वाहनों को केवल गेट नंबर-2 से पुष्टि और सत्यापन के बाद ही प्रवेश दिया जाता है।गाड़ी के अंदर भी थप्पड़-घूंसे मारेसौरभ ने बताया- एक युवक के हाथ में पिस्टल थीजबकि अन्य युवकों के पास बेल्ट और डंडे थे। इसके बाद सभी ने मिलकर मुझ पर लात-घूंसे और थप्पड़ों की बरसात कर दी। एक युवक ने मेरे चेहरे के पास पिस्टल तानकर दीं। इस दौरान मैं हाथ जोड़कर उनसे रहम की गुहार लगाता रहा। इसके बावजूद वे मुझे पीटते रहे और जबरन गाड़ी में डाल लिया। गाड़ी के अंदर भी थप्पड़-घूंसे मारते रहे। मैंने किसी तरह से उनसे अपनी जान बचाई।

# महिला ने कमरे में बुलाकर संबंध बनाया, 7 लाख मांगे

## व्यापारी को हनीट्रैप में फंसाया, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,पुलिस ने हनी ट्रैप गैंग का खुलासा किया है। इस गैंग ने पशु व्यापारी को शिकार बनाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस के हत्थे चढ़ गए। महिला समेत दो आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं, जबकि मुख्य आरोपी समेत दो अभी फरार हैं। पुलिस की माने तो मिस कॉल से दोस्ती की शुरूआत हुई और हनीट्रैप पर खत्म हो गई। हापुड़ जिले के कस्बा पिलखुवा के रहने वाले पशु व्यापारी के मोबाइल फोन पर एक सप्ताह पहले किसी की मिस काल आई। पशु व्यापारी ने कॉल बैक की तो उस पर महिला बोली और उसने रॉन्ग नंबर कहकर फोन कट कर दिया। कुछ देर बाद दोबारा उसी महिला की कॉल आई। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई।



### महिला मिलने का दबाव बनाने लगी

अरढ कोतवाली अंतरिक्ष जैन ने बताया कि पशु व्यापारी की जिस महिला से बात हो रही थी, वह सरधना की रहने वाली थी। महिला उससे मिलने का दबाव बनाने लगी। पशु व्यापारी को जरा भी एहसास नहीं था कि वह उसके जाल में फंस गया है। 22 दिसंबर को दोनों की एक बार फिर फोन पर बात हुई। महिला ने पशु व्यापारी को मिलने के लिए लोहियानगर बुला लिया। शारीरिक संबंध बनाते हुए वीडियो बनाईअरढ ने बताया कि शातिर महिला ने पशु व्यापारी को लोहिया नगर में बुलाया और उसे एक मकान पर ले गई। इसी दौरान पशु व्यापारी की महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाते हुए वीडियो बना ली गई। इस बात की भनक पशु व्यापारी को नहीं लगी। तभी उस मकान का मालिक सागर भारती, जोकि एक हिस्ट्रीशीटर था, उस महिला के भाई अंकित और एक अन्य युवक अंकित निवासी ग्राम गोटका सरूरपुर को लेकर वहां आ गया।

### व्यापारी को बंधक बनाकर पीटा

महिला व उसके साथियों ने मिलकर पशु व्यापारी को बंधक बना लिया। उसके साथ मारपीट की जाने लगी। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। महिला पशु व्यापारी पर छेड़छाड़ का आरोप लगने लगी, जिसे पशु व्यापारी ने नकार दिया। पुलिस को बुलाए जाने की बात होने लगी। तभी कुछ लोगों ने हस्तक्षेप किया और पशु व्यापारी को छुड़ाकर वहां से भेज दिया। तब तक पशु व्यापारी का एक दोस्त वहां पहुंच चुका था।

# 11वीं की स्टूडेंट ने किया सुसाइड

## स्कूल से लौटी घर, कमरा बंद कर मां की साड़ी से लगा ली फांसी

अमन लेखनी समाचार

नोएडा , सेक्टर-9 स्थित जेजे कॉलोनी में शाम कक्षा 11 में पढ़ने वाली नाबालिग स्टूडेंट ने घर पर फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। फेज-वन थाना पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजन को सौंप दिया है। पुलिस सुसाइड के कारणों की जांच कर रही है। तीन लोग करते नौकरीपुलिस ने बताया कि मूलरूप से जिला गोंडा के सेवकपुरवा गांव निवासी परिवार जेजे कॉलोनी में किराए पर रहता है। परिवार में पति-पत्नी और उनके दो बच्चे लड़का-लड़की हैं। पति-पत्नी और बड़ा बेटा प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। बेटी गाजियाबाद के



वसुंधरा स्थित एक स्कूल में कक्षा 11 में पढ़ती थी। पड़ोसियों की मदद से खुला दरवाजा शाम पुलिस को सूचना मिली कि एक किशोरी का शव फंदे पर लटका हुआ है। मौके पर पुलिस पहुंची तो पता चला कि किशोरी स्कूल से घर पहुंची। उसने अंदर से कुंडी लगाई और मां की साड़ी से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। शाम को जब भाई पहुंचा तो पड़ोसियों की मदद से दरवाजा खोला। पुलिस के मुताबिक परिजन ने सुसाइड का कोई कारण स्पष्ट नहीं बताया है। पुलिस प्रत्येक बिंदू पर जांच कर रही है।

# नोएडा सुपरनोवा प्रोजेक्ट की निगरानी के लिए समिति गठित होगी

## नया डेवलपर करेगा निर्माण, 497 की हो सकेगी रजिस्ट्री, सुप्रीम कोर्ट का आदेश

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, सेक्टर-94 में सुपरनोवा में बचे काम और फ्लैट एवं दुकानों की रजिस्ट्री अब हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक आदेश में नोएडा प्राधिकरण को बिना बकाया लिए परियोजना के लिए कंप्लीशन सर्टिफिकेट जारी करने और रजिस्ट्री कराने के निर्देश दिए हैं। सुपरनोवा प्रोजेक्ट की निगरानी के लिए एक समिति गठित की गई है। इसमें जस्टिस एमएम कुमार (पूर्व सीजेआई, जेएंडके हाइकोर्ट) अध्यक्ष, डॉक्टर अनूप कुमार मित्तल कंस्ट्रक्शन व प्रोजेक्ट मैनेजमेंट विशेषज्ञ और वित्तीय प्रबंधन विशेषज्ञ राजीव मेहरोत्रा को शामिल किया गया है। समिति ही अब बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की भूमिका निभाएगी। बिल्डर से जुड़ा कोई बिडर नहीं होगा शामिलसुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि समिति प्रस्ताव आमंत्रित करने और उचित जांच-पड़ताल के बाद परियोजना के अधूरे काम को पूरा करने के लिए एक नए बिल्डर को नियुक्त करेगी। इसमें समयबद्ध प्रस्ताव, ट्रैक रिकॉर्ड, अनुभव और ऐसे नए डेवलपर की वित्तीय व्यवहार्यता को ध्यान में रखा जाएगा। पीठ ने स्पष्ट किया है कि इस प्रक्रिया में कारपोरेट देनदार या पूर्व प्रबंधन से जुड़े या संबंधित किसी भी डेवलपर/बिल्डर को प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी प्राप्तियां, बिना बिकी इन्वेंट्री और खरीदारों से प्राप्त नया संग्रह एक एस्क्रो खाते में जमा किया जाना



चाहिए और इसका उपयोग केवल निर्माण उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।समिति विभिन्न हितधारकों, जैसे कि बैंकों का कंसोर्टियम, अन्य वित्तीय लेनदार, घर खरीदार और नोएडा प्राधिकरण जैसे अधिकारियों के साथ सलाह-मशविरा करके काम करेगी। हालांकि, यह साफ कर दिया कमेटी का फैसला सभी पक्षों पर अंतिम और बाध्यकारी होगा। वकील गोविंद ने कहा कि पीठ ने साफ कर दिया है कि वित्तीय लेनदारों को देय बकाया के भुगतान के संबंध में एक जीरो पीरियड होगा और परियोजना पूरा होने और आवासीय इकाइयों को घर खरीदारों को सौंपने तक इन संस्थाओं को कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।

# नोएडा प्राधिकरण पर किसानों का प्रदर्शन

## तीनों गेट को किया बंद, बोले , हमे सिर्फ छला गया, आज तक नहीं हुए काम

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन मंच ने नोएडा प्राधिकरण का घिराव किया। बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों ने प्राधिकरण का रिसेप्शन बंद कर दिया। इसके बाद गेट नंबर -2 और 3 को भी बंद कर दिया। जिससे रोजमर्रा के काम के लिए आए लोग प्राधिकरण के अंदर नहीं जा सके। किसानों ने कहा कि उनके साथ छल किया गया। बोर्ड में उनके मुद्दों को नहीं रखा गया। किसानों ने कहा कि आबादी विनियमितिकरण के नाम पर उनकी आबादी को टारगेट करके नोटिस भेजे जा रहे है। सुल्तानपुर गांव में कइ आबादी को नोटिस जारी किया गया है। अब तक गांवों के विकास के लिए क्या किया गया इसके बारे में जानकारी तक नहीं दी गई। किसानों ने कहा कि हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिलता है। समय दे दिया जाता है कभी 15 दिन तो कभी एक महीना ये सिर्फ



किसानों को बरगलाने का काम कर रहे है। नतीजा अब तक नहीं निकला। किसान दोपहर 12 बजे एकत्रित होना शुरू हो गए थे। इसके बाद उन्होंने प्राधिकरण के गेट को बंद कर दिया धरने को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल त्यागी ने कहा कि नोएडा प्राधिकरण किसानों को हल्के में लेने की भूलना करें नोएडा प्राधिकरण से इस बार किसान अपना हक लेकर ही वापस जाएंगे इस बार किसान आश्वासनों पर धरना खत्म नहीं करेगा चाहे धरना कितना भी लम्बा क्यों ना चलाना पड़े लेकिन किसान पीछे नहीं हटेंगे।भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने कहा कि प्राधिकरण के अधिकारियों के द्वारा ही किसानों से बार-बार किए गए समझौते पत्रों में साफ-साफ लिखा है की किसानों का नोएडा प्राधिकरण पर 5 प्रतिशत 10 प्रतिशत के भूखंड, साल 1976 से 1997 के बीच के किसान कोटे के प्लॉट ,आबादी का संपूर्ण निस्तारण जैसे लाभ नोएडा प्राधिकरण पर बकाया है।

## संक्षेप

### विद्युत पोल के सपोर्ट वायर में उतरे करेंट से बालक झुलसा

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। बांदा मार्ग किनारे रेलवे गेट संख्या 31 के बाहर लगे विद्युत पोल की सपोर्ट वायर में उतरे करेंट की चपेट में आकर दुकान जा रहा बालक झुलस गया।उपचार के बाद बालक की हालत सुधार है। कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मुहाल निवासी राजू कुशवाहा का पुत्र आकाश 5 वर्ष अपने बड़े भाई विकास 7 वर्ष के साथ दुकान जा रहा था। रेलवे गेट संख्या 31 के बाहर बांदा मार्ग किनारे लगे विद्युत पोल के सपोर्ट वायर में उतरे करंट की चपेट में आकर झुलस गया। बड़े भाई के शोर मचाने पर राहगीरों ने बालक को उठाकर परिजनों को सूचित किया परिजनों ने उसे कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के बाद बालक की हालत में सुधार है।

### श्री डालसिंह मेमोरियल स्कूल का 34वाँ वार्षिकोत्सव शुरू, रंगारंग प्रस्तुतियों से बच्चों ने मोहा मन

अमन लेखनी समाचार

हरदोई।श्री डालसिंह मेमोरियल स्कूल के तीन दिवसीय 34वें वार्षिकोत्सव का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती पी.के. वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर और एआरटीओ अरविंद कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।संस्कृति और सामाजिक संदेशों का संगम विद्यार्थियों ने गणेश वंदना और सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की। बच्चों ने ₹मोबाइल एक्टर₹ के जरिए तकनीक की लत और ₹रामचरितमानस एक्टर₹ के माध्यम से नैतिक मूल्यों का संदेश दिया। ₹बेटियाँ क्यों पराई हैं₹ और ₹नारी सशक्तिकरण₹ जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावुक कर दिया, वहीं ₹मेड इन इंडिया₹ और ₹कजरी डांसर₹ ने देशभक्ति व लोकसंस्कृति की छटा बिखेरी।अतिथियों ने सराहा बच्चों का कौशल मुख्य अतिथि प्रेमावती वर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। विद्यालय के प्रबंधक मुकेश सिंह और प्रधानाचार्य भूमिका सिंह सहित समस्त स्टाफ की मौजूदगी में अतिथियों ने बच्चों के आत्मविश्वास की प्रशंसा की।

## वीर बाल दिवसः साहिबजादों का बलिदान साहस और सच्चाई का प्रतीक- मुख्य विकास अधिकारी

अमन लेखनी समाचार

हरदोई, 26 दिसम्बर 2025: कलेक्ट्रेट स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में मुख्य विकास अधिकारी (उऊड) सान्या छाबड़ा की अध्यक्षता में 'वीर बाल दिवस' का भव्य आयोजन किया गया।इस अवसर पर सीडीओ ने गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्रों, साहिबजादा जोराबर सिंह और फतेह सिंह की वीरता, बलिदान और अटल साहस को नमन किया।मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि साहिबजादों का जीवन बच्चों और युवाओं को धर्म, साहस और सच्चाई के प्रति जागरूक करता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने माननीय प्रधानमंत्री जी के संबोधन को सुना और सीडीओ के साथ सीधा संवाद किया।समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को बैग और अल्पाहार देकर सम्मानित किया गयाःखुशी वर्मा, तनुष्का सैनी, ध्रुव कुमार, पवन वर्मा और वर्दराज सिंह।

# अय्याशी के खुले अड्डे के खिलाफ उबल रहा गुस्सा

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद, हरदोई। इस बहुचर्चित होटल के संचालन से आसपास की वस्ती में रहने वाले लोगों में गुस्सा सुलग रहा है। इसके संचालक समेत होटल स्टॉफ द्वारा इस असामाजिक धंधे के लिए कई एजेंट बनाए गए हैं जो देह व्यापार से जुड़ी युवतियों तथा अन्य युवतियों को भी इस धंधे में उतरने के लिए प्रेरित करते हैं और अपना कमीशन लेकर होटल के संचालन में सहयोग कर रहे हैं।

यह अत्यंत शर्मनाक गन्दे धंधे से कस्बे का माहौल खराब हो रहा है, उसी मोहल्ले के बच्चे भी अपनी छतों से इस तरह का माहौल देखकर दबी जुबान बच्चों ही बच्चों में चर्चा करते हैं जिसकी जानकारी होने पर बड़े बड़ों के कलेजे फटते हैं और उनका गुस्सा चरम पर पहुँच जाता है इसके बाबजूद बेचारे विवशताबश खुल्लमखुल्ला विरोध नहीं कर पाते हैं क्योंकि उनके शक है कि पुलिस व प्रशासन उनकी शिकायत पर छापमारी नहीं करेगा, उसका खास कारण यही कि ओये होटल बंद कराने में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के खबरनवीसों के लिखते लिखते कसबल ढीले पड़ गए कई खबरें ऐसी भी छपी कि जिस मंडी गेट से एसडीएम रोज निकलते हैं, उसी गेट के ठीक सामने ओये होटल में अय्याशी होती है, इतना ही नहीं कई ब्लर फोटो वीडियो वायरल हुए, तमाम हो हल्ला हुआ तब एसडीएम द्वारा होटल सीज किया गया आखिर इसीलिए पुलिस व प्रशासन की बेजा गतिविधियों और गन्दे धंधों से अवैध वसूली की बहुचर्चा के चलते मुखर लोग ही खुलेआम मुंह बनने के लिए तैयार नहीं हैं

## ऑटो चालकों ने स्ट्राइक कर ट्रैफिक पुलिस पर लगाए वसूली के आरोप

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां, हरदोई। कस्बे में दर्जनों ऑटो चालकों ने स्ट्राइक कर ट्रैफिक पुलिस के विरुद्ध वसूली के आरोप में मौर्चा खोलकर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के बड़े भाई भाजपा नेता राजेश पाठक से मिलकर उपरोक्त मामले की शिकायत की। शुक्रवार को करीब दो दर्जन ऑटो चालकों ने क्षेत्राधिकार बिलग्राम के नाम से प्रार्थना पत्र देकर बताया कि ऑटो चलाकर अपने घर का गुजर बसर करते है। मल्लावां चौराहे पर अक्सर ट्रैफिक पुलिस उनके वाहनों को सीज कर देते है। उनका आरोप है कि ट्रैफिक पुलिस हर महीने एक हजार रु देने की मांग कर रहे है। अगर रुपए नहीं दिए गए तो वाहन का चालान और सीज की कार्यवाही करेंगे।

## जिलाधिकारी ने सुनीं 57 शिकायतें, वृद्ध महिला को पेंशन और कंबल का सहारा

अमन लेखनी समाचार

हरदोई, कलेक्टररेट कक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना। आज की जनसुनवाई में कुल 57 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दिए।जनसुनवाई के दौरान प्रशासनिक संवेदनशीलता देखने को मिली, जहाँ एक महिला को तत्काल वृद्धावस्था पेंशन योजना से जोड़ा गया। वहीं, एक बुजुर्ग महिला की मदद करते हुए अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह ने उन्हें ठंड से राहत के लिए कंबल भेंट किया।जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखा जाए। साथ ही, उन्होंने कृषक दुर्घटना बीमा योजना के आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए ताकि पात्रों को समय पर लाभ मिल सके।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तपोभूमि में बार बालाओ के डांस पर हिंदू संगठनों ने जताया ऐतराज , पुलिस को दी तहरीर

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। गुरुवार को देर शाम श्री गायत्री तपोभूमि प्रांगण में कथा स्थल पर बार बालाओ का डांस कराने पर हिंदू संगठनों ने जोरदार विरोध जताकर पुलिस को बुलाकर कार्यक्रम बंद कराया दिया और शनिवार को सुबह थाने पहुंचकर आयोजक के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। कस्बा निवासी सेवा निर्वत्त शिक्षक बद्री प्रसाद गुप्ता ने अपने नाती के जन्मदिन पर श्री गायत्री तपोभूमि के कथा प्रांगण पर विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम में नाते रिश्तेदार के साथ इष्ट मित्रों को आमंत्रित किया गया था। जन्मदिन का केक काटने के बाद करीब 8:00 बजे यहां आर्केस्ट्रा की आड़ में बार- बालाओ का अश्लील डांस शुरू कर दिया गया।इसकी भनक बजरंग दल सहित अन्य हिंदू संगठनों को लग गई और मौके पर पहुंच गए। फूहडता का नंगा नाच देखकर तपोस्थली प्रांगण की पवित्रता को मद्देनजर रखकर हिंदू संगठनों ने कड़ा एतराज जताते हुए पुलिस को बुला लिया सूचना पाकर फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह, दीवान दिलीप कुमार के साथ मौके पर पहुंचे और हिंदू संगठनों के विरोध को देखते हुए डांस को बंद करा दिया। इससे आयोजकों में हड़कंप मच गया। शुक्रवार को सुबह बजरंग दल के नैतिक सोनी, आदर्श तिवारी, बादल बजरंगी, भोलू ठाकुर, अभिषेक, अमन धुरिया, आशीष सिंह, ललित शर्मा, अंशु पंडित, अमर सिंह, उत्कर्ष सैनी, आदर्श अवस्थी, राम जी आदि ने कड़ा एतराज जताते हुए कार्यक्रम के आयोजक बद्री प्रसाद गुप्ता, केदारनाथ गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता, दीपू गुप्ता, प्रवीण गुप्ता आदि के खिलाफ तपोभूमि के पुजारी मोनू द्विवेदी से तहरीर दिलवाकर तहरीर पुलिस को सौंपी है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में बीर बाल दिवस मनाया



अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज हमीरपुर में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रामप्रकाश गुप्ता ने बोलते हुए कहा 09 जनवरी 2022 को श्री गुरुगोविन्द सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर मा0 प्रधानमंत्री ने 26 दिसम्बर का दिन बीर बाल दिवस के रुप में मनाये जाने की घोषणा की थी। ताकि साहिबजादो की शहादत को सदा स्मरण रखा जा सके। जिनका अद्वितीय बलिदान पीढ़ियो को प्रेरित कर रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रमुख आचार्य घनश्यामदास राठौर ने कहा कि इतनी कम उम्र मे ही इन साहिबजादो ने अपने प्राणो का बलिदान दे दिया। इनका ये बलिदान इतिहास के स्वर्णिम पन्नो मे दर्ज हो चुका है। यह हमे प्रेरित करता है कि हम भी अपने जीवन मे कठिनाईयो का सामना करते हुए धैय और दृढ़ता बनाये रखे। वीर बाल दिवस हमे राष्ट्रीय एकता और भाईचारे का सन्देश देता है। कार्यक्रम का संचालन संगीताचार्य ज्ञानेश जड़िया ने किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राये मौजूद रहे। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य वेदप्रकाश शुक्त ने दी।

## केमिस्ट एसो. का 'डायरिया से डर नहीं' कार्यक्रम को हरसंभव मदद का भरोसा

### पीएसआई इंडिया व केनव्यू ने आयोजित की केमिस्ट एसो. की अभिमुखीकरण कार्यशाला

अमन लेखनी समाचार



आगरा, 27 दिसम्बर। पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से शुक्रवार को एक स्थानीय होटल में दवा व्यापारियों और केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों की अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला में पीएसआई इंडिया और केनव्यू के सहयोग से जनपद में चलाये जा रहे 'डायरिया से डर नहीं' कार्यक्रम को सफल बनाने में केमिस्ट एसोसिएशन के योगदान पर चर्चा हुई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मेडिकल स्टोर पर आने वालों को डायरिया के बारे में जानकारी देना, उससे बचाव व रोकथाम के उपायों की जानकारी देना और चिकित्सक के पास जाने की सलाह देना था। कार्यशाला में पीएसआई इंडिया की कोमल घई ने बताया कि ह्यडायरिया से डर नहींह्न कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के 13 और बिहार के तीन जनपदों में चलाया जा रहा है, जिसमें शून्य से पांच साल तक के बच्चों की डायरिया के कारण होने वाली मृत्यु दर को शून्य करना और दस्त प्रबंधन को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि डायरिया से किसी भी बच्चे की मौत न होने पाए, इसमें केमिस्ट बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। कार्यशाला की अध्यक्षता केमिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री राजीव ने की। उन्होंने डायरिया के बारे में केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों का अभिमुखीकरण करते हुए कहा कि डायरिया से बचाव के लिए स्वच्छता बहुत जरूरी है। इसलिए अपने घर और आस-पास साफ-सफाई का पूरा ख्याल रखें । बच्चों को कुछ भी खिलाने-पिलाने से पहले हाथों को अच्छी तरह साबुन-पानी से अवश्य धुल लें। उन्होंने 'डायरिया से डर नहीं' कार्यक्रम को सफल बनाने में हरसम्भव सहयोग का आश्वासन दिया। केमिस्ट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष वीर बहादुर ने डायरिया पर पीएसआई इंडिया द्वारा कराई जा रही कार्यशाला की सराहना की एवं आश्वासन दिया कि वह आगे भी इस तरह के आयोजन में सहयोग करेंगे। इसके साथ ही यह भी कहा कि सभी लोग अपने-अपने घरों में ओआरएस एवं जिंक जरूर रखें क कार्यशाला में केमिस्ट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सतीश चन्द पाठक, महामंत्री राजीव शर्मा, राधे राधे फार्मा सहित, सतीश पटेल क्षेत्रीय मंत्री, रवि बंसल-संगठन मंत्री व केमिस्ट एसोसिएशन के कई सदस्य, पीएसआई इंडिया से पंकज और आरती आदि उपस्थित रहे।

## क्रांतिकारी ऊधम सिंह की जयंती पर वर्णिता ने किये श्रृद्धा सुमन अर्पित



अमन लेखनी समाचार

भरूआ, सुमेरपुर।देशभक्तों की देश के प्रति भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने महान क्रांतिकारी ऊधम सिंह की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि ऊधम सिंह वास्तव में मातृभूमि के सच्चे सपूत थे। इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।इनका जन्म 26 दिसम्बर 1899 को पंजाब के संगरूर जिले के सुनाम गांव में टेहल सिंह और नारायण कौर के घर हुआ था। बताते हैं कि देश की आजादी के अभियान में एकत्र हुये देशवासियों पर गवर्नर जनरल माइकल ओ डायर ने 13 अप्रैल 1919 जलियांवाला बाग में नर संहार कराया था, जिसमें हजारों निरपराध लोग मारे गए थे। फलतः कम उम्र के ऊधम सिंह ने वहां की मिट्टी को माथे पर लगाकर संकल्प लिया था कि मैं इस कत्लेआम का लंदन जाकर बदला अवश्य लूंगा। ये ब्रिटेन गये, वहां मौका देखकर एक दिन एक कार्यक्रम में जब ओडायर कैक्सटन हाल में पहुंचा तो ऊधम सिंह ने उसे मौत के घाट उतार दिया। ये पकड़े गए, इन्हें 31 जुलाई 1940 को लंदन की पिन्टनविले जेल में फांसी दे दी गई। कम उम्र मे ही क्रांतिकारी ऊधम सिंह देश के लिये कुर्बान हो गये। इस कार्यक्रम में सिद्धा, प्रेम, सागर, प्रिन्स, रिचा, दयाराम सोनकर, रामनारायन सोनकर, रामबाबू, फूलचंद, विकास, सतेन्द्र, राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे

## कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि

अमन लेखनी समाचार

गुरसरांय। आज नगर के कैंप कार्यालय पर कांग्रेस जनों ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं विश्व के जाने-माने अर्थशास्त्री डॉक्टर मनमोहन सिंह जी की पुण्यतिथि मनाई ।कार्यक्रम में बोलते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक सेन ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को सुधारने में मनमोहन सिंह जी का अहम योगदान रहा जब समूचे विश्व की अर्थव्यवस्था कमजोर हो रही थी उस समय उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत रखा। जिला महासचिव राम भरोसे पेंटर ने कहा कि मनमोहन सिंह जी ने सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, खाद्य सुरक्षा अधिनियम



और मनरेगा जैसे महत्वपूर्ण कानून देश को दिए ।ब्लॉक अध्यक्ष बामौर वीरेन्द्र सिंह यादव (वीरू) ने कहा मनमोहन सरकार में पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के आग्रह पर हुई किसान कर्ज माफी एवं बुंदेलखंड के लिए विशेष पैकेज बुंदेलखंड वासियों के लिए वरदान साबित हुई।इस दौरान सूरज माते ,अजय मौर्य पार्षद आजाद खान,मेंबर इकबाल खान ,गगन यादव, सुरेश जैन, राजीव श्रीवास्तव, श्याम बिहारी अरजरिया, चिरंजी लाल निषाद, गयाप्रसाद अहिरवार, डॉ ओमप्रकाश रैकवार,प्रिंस नामदेव, मुन्ना लाल वर्मा, अरविंद श्रीवास, जितेंद्र कुशवाहा भानु प्रताप सिंह सहित दर्जनों कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की मनाई गई जन्म जयंती

### प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जीवनी पर लगाई गई प्रदर्शनी

### कवियों की उपस्थिति में किया गया कवि सम्मेलन

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। भाजपा कार्यालय, हमीरपुर में हम सभी के प्रेरणास्त्रोत, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न, श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती शताब्दी समारोह नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद की उपस्थिति में मनाई गई इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी देवेश कुमार उपस्थित रहे जन्म जयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित सभा में जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद जिला प्रभारी देवेश कुमार राठ विधायक मनीषा अनुरागी हमीरपुर सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत एवं समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उनके स्मृति चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि इस अवसर पर श्रद्धेय अटल जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि देवेश कुमार ने फीता काट कर उद्घाटन एवं अवलोकन किया तथा जिला स्तरीय भाषण व काव्य पाठ प्रतियोगिता में अव्वल प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन किया आज के इस भव्य कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष बृज किशोर गुप्ता गणेश यादव नरवेंद्र सिंह रोहित शिवहरे किशन व्यास लक्ष्मी रतन साहू पुष्पराज सोनी संतराम गुप्ता स्वामी प्रताप सिंह महेंद्र सिंह जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव धीरेंद्र शिवहरे आशीष पालीवाल आशा रानी कबीर रामदेव सिंह लाला राम निषाद जगत प्रजापति हिमांशु श्रीवास्तव साधना सिंह रेखा सिंह गीता ओमर रणवीर सिंह अंकित गुप्ता मोहन कुशवाहा जितेंद्र पाल विनय मिश्रा निशांत द्विवेदी राजकुमार शुक्ला आकाश त्रिपाठी प्रमोद वर्मा सीमा वर्मा रोशनी साहू योगेंद्र दीक्षित मनोज धुरिया कृष्ण कुमार विश्वकर्मा पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे ।

## सब्जी बेचकर बेटे को बनाया सैनिक - अग्निवीर हिमांशु के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब

अमन लेखनी समाचार

खड़ेही लोधन (हमीरपुर) भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में ट्रेनिंग पूरी कर लौटे हिमांशु कुशवाहा के आगमन पर सोमवार को मुस्करा कस्बा गर्व और उल्लास से भर उठा 20 वर्षीय हिमांशु जो कस्बा मुस्करा के निवासी चन्द्रकरण कुशवाहा के पुत्र हैं जैसे ही अपने गांव लौटे उनका स्वागत अभूत पूर्व सम्मान के साथ किया गया। डीजे की धुनों और बैंड-बाजों की थाप पर युवा झूमते नजर आए, वहीं जगह-जगह लोगों ने फूल-मालाओं और जयकारों के साथ हिमांशु का अभिनंदन किया। कस्बा मुस्करा के मुख्य चौराहों से लेकर गलियों तक हर ओर भारत माता की जय वंदे मातरम और सेना के सम्मान में नारों की गूंज सुनाई दी ग्रामीणों ने कहा कि हिमांशु ने न केवल अपने माता-पिता का बल्कि पूरे मुस्करा कस्बे और जिले का नाम



रोशन किया है।

### पिता की मेहनत से मिली कामयाबी

इस गौरवपूर्ण अवसर पर हिमांशु के पिता चन्द्रकरण कुशवाहा भावुक हो उठे उन्होंने बताया कि आर्थिक स्थिति मजबूत न होने के बावजूद उन्होंने अपने बेटे के सपनों को टूटने नहीं दिया सब्जी बेचकर उन्होंने बेटे की पढ़ाई और तैयारी में सहयोग किया चन्द्रकरण ने गर्व भरी आवाज में कहा मेरी मेहनत सफल हो गई। मेरा बेटा देश की सेवा करेगा, इससे बड़ी खुशी मेरे लिए और क्या हो सकती है। कस्बे के बुजुर्गों और युवाओं ने एकस्वर में कहा कि हिमांशु की सफलता उन युवाओं के लिए प्रेरणा है जो कठिन हालात में भी बड़े सपने देखते हैं। उनके अनुसार, हिमांशु की उपलब्धि से मुस्करा का मान और ऊंचा हुआ है।

## ओये होटल सीज होते ही दूसरा होटल सुपरहिट!

### कस्बे में बेखौफ पनप रही अय्याशी और देह व्यापार

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद, हरदोई। शाहाबाद में पिछले कई महीनों तक संचालित रहे बहुचर्चित ओये होटल के एसडीएम द्वारा सीज किए जाने से नगर के हमपेशा बहुरुपिये का होटल दिन दूना रात चौगुना चलने से उसकी बांन्छे दिन दूनी रात चौगुनी खिल रहीं हैं जिस खुशी से वह फूला नहीं समा रहा है।

नगर के मोहल्ला होलिकला में एक होटल ओये होटल से भी अधिक बहुचर्चित है, जो कि गली के अंदर होने और अत्यंत रसूखदार के मैरिजलॉन में संचालित होने के कारण अय्याशी के लिए काफी सुरक्षित हैं, जहाँ पुलिस और प्रशासन या पत्रकार का परिंदा भी खबर कवरेज के लिए जाते हुए डरता है, इसलिए आजकल वह अय्याशों के लिए काफी मुफीद है, जिसमें फोन कॉल पर ही रूम बुक होने की व्यवस्था है जिसमें सर्वाधिक आवागमन स्कूली छात्र-छात्राओं और अव्यस्क किशोरियों का बताया जा रहा है, इसके बाबजूद किसी की भला क्या मजाल की अपनी आँखों से देखकर भी विरोध करे या कोई फोटो वीडियो बना ले क्योंकि इसके लिए होटल संचालक के गुर्गे पैनी नजर रखते हैं, वैसे भी होटल गेट के बाहर के फोटो वीडियो व्यर्थ हैं जबकि अंदर बनाने के लिए जान जोखिम का मामला है इसलिए बेखौफ वह होटल धड़ल्ले से चल रहा है और कस्बे से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे बिगड़ रहे हैं जिनके माता पिता को पता ही नहीं चल पाता कि उनके बच्चे किसके आगोश में कहाँ लिपट चिपट कर और कहाँ क्या कर गुजर कर आ रहे हैं, इधर भले बहुत से लोग उन अवैध जोड़ों और जुगाड़ों की बढ़ा चढ़ा कर चर्चा कर रहे हैं, फिर भी अवैध गतिविधियों को रोंकने के लिए कोई आगे आकर होटल मालिक की ओर सीधे सीधे ऊँगलियाँ उठाकर चुनौती देने के लिए मात्र इसलिए तैयार नहीं है क्योंकि वह कहने को तो आदमी है किन्तु उसका खुद भी अय्याशी में जहाँ बड़ा नाम हैं वहीं भूमाफियाओं और अत्यंत रसूखदारों और कानूनविदों में उसकी गिनती होती हैं।

## थाना सुरसा के बाल मित्र केंद्र पर 'वीर बाल दिवस' का भव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सुरसा,हरदोई।स्थानीय थाना सुरसा स्थित बाल मित्र केंद्र पर 'वीर बाल दिवस' के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम समाधान अभियान और इंडिया पेस्टीसाइड लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में 'चुप्पी तोड़ो-हल्ला बोल' अभियान के अंतर्गत आयोजित हुआ।कार्यक्रम में सफलता कोचिंग सेंटर के शिक्षक बबलू शर्मा के नेतृत्व में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों को साहिबजादों के बलिदान और वीर बाल दिवस के ऐतिहासिक महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए उन्हें प्राचीन युद्ध कला 'कलारीपयट्टू' का विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया।छात्रों के ज्ञानवर्धन हेतु आयोजित क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को उपनिरीक्षक (र.क.) सुरेखा शर्मा ने ट्रॉफी, पेन और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे आत्मविश्वास से खिल उठे। इस दौरान महिला कांस्टेबल शीलू और मोनिका ने भी बच्चों का मार्गदर्शन किया।कार्यक्रम का समन्वय दीपांशु पंडित द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में सुरक्षा की भावना, जागरूकता और आत्मविश्वास पैदा करना है। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को जलपान कराया गया। इस अवसर पर बाल मित्र केंद्र की टीम ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सावधान! हरदोई में ई-रिक्शा संचालन के लिए कलर कोडिंग और रूट अनिवार्य, जनवरी से होगी सख्त कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार

हरदोई।जनपद में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए एआरटीओ (प्रशासन) ने ई-रिक्शा चालकों हेतु नए कड़े नियम लागू किए हैं। कोतवाली शहर एवं कोतवाली देहात क्षेत्र के अंतर्गत ई-रिक्शा चलाने वाले समस्त चालकों को सूचित किया गया है कि वे अविलंब एआरटीओ कार्यालय में अपनी जानकारी दर्ज कराकर कलर कोडिंग और दफ कोड प्राप्त कर लें।

### 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर मिलेंगे रूट

विभाग द्वारा ई-रिक्शा संचालन के लिए 10 रूट निर्धारित किए गए हैं। इन रूटों का आवंटन ₹पहले आओ पहले पाओ₹ की तर्ज पर किया जाएगा। इसके लिए वाहन स्वामी और चालक को अपना नाम, मोबाइल नंबर, पता, पंजीकरण संख्या, लाइसेंस और चरित्र प्रमाण पत्र कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है।जनवरी 2026 से लागू होगी सख्ती प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि माह जनवरी 2026 से बिना कलर कोडिंग और रूट आवंटन के ई-रिक्शा चलाना अवैध माना जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन का चालान, जब्ती (निरुद्ध) या पंजीकरण निरस्त करने जैसी कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। असुविधा से बचने के लिए सभी ई-रिक्शा स्वामी तत्काल पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण करें।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com

अमन लेखनी

मनोरंजन






कमिटमेंट / अंशु सिंह

बच्चो, नया साल आने वाला है। तुमने प्लानिंग शुरू कर दी होगी, इसे कैसे सेलिब्रेट करेंगे। नया साल तुम्हारे लिए कैसे बेहतर साबित हो, तुम्हारे क्या नए रेजॉल्यूशन हों। नए साल में तुम ऐसा नया क्या करो, जो तुम्हें खुशी मिले, सफलता की राह बने, जानो।

# न्यू ईयर के लिए डिसाइड करो कुछ अलग रेजॉल्यूशन

बच्चो, नया साल आने ही वाला है। सभी इसकी कुछ न कुछ तैयारी में लगे हैं, ताकि नए साल का जश्न शानदार और यादगार बन सके। बच्चो, तुम सबने भी कुछ प्लानिंग की होंगी। बहुत कुछ सोचा होगा कि नए साल के स्वागत में क्या-क्या करेंगे? कहां पार्टी करेंगे, कहां घूमने जाएंगे, परिवार के अलावा दोस्तों के साथ मस्ती कैसे करेंगे? इतना ही नहीं, नए साल में क्या नया रिजॉल्यूशन लेंगे, इसके बारे में भी सोचा होगा। लेकिन ये सब तो आमतौर पर सभी करते हैं। तुम अलग क्या करोगे? ऐसा क्या करोगे, जो तुम्हारे लिए सिर्फ एक दिन या रात का जश्न न हो, बल्कि हर दिन, नए उत्साह और नई उम्मीद से भरा देखें। समस्याओं से कभी घबराएं नहीं। बेवजह गुस्सा न करें, बड़ों की सलाह मानकर आगे बढ़ें। तो बच्चों क्या तुम तैयार हो, ऐसा कुछ करने के लिए?



### जरूरी है इरादों में दृढ़ता

कई बच्चे दोस्तों या बड़ों की देखा-देखी में रेजॉल्यूशन तो ले लेते हैं, लेकिन उसे पूरा करने के लिए जो दृढ़ता चाहिए, वो उनमें नहीं होती है। बच्चो, जब तुम कोई लक्ष्य बनाओ, कोई टारगेट फिक्स करो तो उसे पूरा करने के लिए मेहनत, आत्मविश्वास के साथ मन में दृढ़ता जरूर होनी चाहिए। नए साल में इस बात को ध्यान में रखो।

### पहचानो अपनी खूबी

बच्चो, हर किसी में कोई न कोई खूबी जरूर होती है। तुम्हारे अंदर भी होगी। कई बार इस खूबी को पहचानने में देरी होती है। इसमें टीचर्स, पैरेंट्स, दोस्त या घर के बड़े हमारी मदद करते हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज गेंदबाज कुलदीप यादव को सभी जानते हैं। अपने चाचा को क्रिकेट खेलते देखकर, उनकी दिलचस्पी इस खेल में हुई। फिर पिता जी ने मोटिवेट किया कि वह पढ़ाई के साथ-साथ क्रिकेट भी खेलें। कुलदीप, पेस बॉलर बनना चाहते थे। लेकिन जब पहली बार कोच के पास पहुंचे, तो उन्होंने उनके अंदर छिपी प्रतिभा को पहचाना और स्पिन गेंदबाजी के लिए प्रेरित किया। पहले थोड़ा झटका लगा। लेकिन वे उन पर विश्वास कर आगे बढ़े और उनका फैसला सही साबित हुआ। बच्चो, नए साल में तुम भी अपने अंदर की खूबी को पहचानो, जैसे तुम्हारे भीतर सिंगिंग, पेंटिंग, डॉसिंग या राइटिंग का टैलेंट हो तो उसे संवारने का संकल्प ले सकते हो। साथ ही दूसरों की खूबियों से नया सीखने की भी कोशिश करो।



### पैरेंट्स के साथ करो खुलकर बातें

बच्चों की एक आम शिकायत रहती है कि पैरेंट्स उन्हें अपने मन का करने नहीं देते। जरूरत से ज्यादा रोकते-टोकते हैं। उन पर भरोसा नहीं करते हैं। अकेले दोस्तों के साथ घूमने जाने या देर रात पार्टी करने से रोकते हैं। दरअसल, पैरेंट्स के ऐसा करने की वजह होती है। वे नहीं चाहते हैं कि तुम्हारे साथ कुछ गलत हो। तुम गलत संगत में पड़ो और फंसो। वे तुम्हें गुमराह होने से बचाना चाहते हैं। पैरेंट्स को तुम्हारी सुरक्षा की चिंता रहती है। बच्चो, इस बात को समझो कि पैरेंट्स अनुभवी होते हैं। उन्हें लोगों की परख होती है। इसलिए तुम्हें उनकी बातें माननी चाहिए। अपनी पसंद या नापसंद के बारे में उन्हें जरूर खुलकर बताओ। डरो नहीं और न संकोच करो। अपने पैरेंट्स से सलाह लेने में कोई हर्ज नहीं है। बात करने से हर प्रॉब्लम का सही सॉल्यूशन निकलता है।

### मानो दोस्तों की सही सलाह

अच्छे दोस्त परिवार के सदस्य की तरह होते हैं, जो अच्छे और बुरे वक्त दोनों में हमें सपोर्ट करते हैं। हमारी खूबियों की सराहना करते हैं, गलत होने पर टोकने से भी पीछे भी नहीं रहते। दोस्तों को इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि हमें बुरा लग सकता है, क्योंकि वे हमारे बारे में सिर्फ अच्छा और पॉजिटिव सोचते हैं। जैसे, सिक्स्थ की स्टूडेंट दीपक को जंक फूड के अलावा कुछ और पसंद ही नहीं आता था। इससे उसका वजन बढ़ने लगा। तब उसके दोस्त अनुज ने उसे साइक्लिंग और योगा करने की सलाह दी। दीपक ने उसकी बात मानी। कुछ समय बाद ही असर दिखने लगा। कहने का मतलब है कि जब हम अपनों की बातों को पॉजिटिव तरीके से लेते हैं, तो बदलाव भी हमारे हित में होते हैं। *

## ऐसे सेलिब्रेट करो न्यू ईयर

बच्चो, अगर तुम सोच नहीं पा रहे हो कि न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करें, तो तुम हमारे सुझाव अमल में ला सकते हो-

- घर पर मजेदार एक्टिविटीज कर सकते हो। तुम ग्लोस्टिक डांस पार्टी के अलावा डीआईवाई क्राफ्ट्स (टोपी, पॉपर्स), स्पार्कलिंग साइडर के साथ आधी रात का नकली काउंटडाउन करके नए साल का जश्न मना सकते हो।
- बैकयार्ड में गेम्स और खाने के साथ बोनफायर अरेंज कर सकते हो।
- परिवार के साथ किसी अच्छी जगह घूमने जा सकते हो। अपने शहर के मॉल में बच्चों के लिए बने जोन में म्यूजिक के साथ थीम वाले इवेंट में शामिल हो सकते हो, तुम्हें बहुत मजा आएगा।
- ऐतिहासिक-सांस्कृतिक स्थलों की सैर कर सकते हो। एडवेंचर पार्क भी जा सकते हो।



टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# बीते साल की अचीवमेंट्स नए साल से नई आशाएं

बच्चो, बीत रहा साल हमें कुछ अचीवमेंट्स देकर जाता है, नया साल हमारे भीतर नई आशाएं जगाता है। टीवी के दो चाइल्ड आर्टिस्ट एकदास खान और श्रेया पटेल, बालभूमि को बता रहे हैं कि बीत रहे साल 2025 में उन्होंने क्या अचीव किया, नए साल 2026 से उन्हें क्या आशाएं हैं? साथ ही ये दोनों यह भी बात रहे हैं, न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करेंगे, इनके क्या रेजॉल्यूशंस हैं।

### मेरे लिए यह साल सुपर-डुपर रहा : अकदास खान



**सन नियो** चैनल के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में अकदास खान, सप्पू का किरदार निभा रहा है, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं। साल 2025 में इस शो का हिस्सा बनकर अकदास बहुत खुश है। वह बताता है, 'यह साल मेरे लिए सुपर-डुपर रहा। मुझे इतने बड़े शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में सप्पू का रोल प्ले करने का मौका मिला। मैंने इस साल कैमरे को फेस करना, अच्छे से डायलॉग बोलना और सीन में सही रिएक्शन देना सीखा।' नए साल 2026 के अपने रेजॉल्यूशन के बारे में अकदास बताता है, 'आने वाले साल में मेरा रेजॉल्यूशन है कि मैं सप्पू के रोल को और भी अच्छे से एक्ट करूं। मैं नए साल में डांस, गाना और कुछ एडवेंचर वाली स्किल्स भी सीखूंगा। उम्मीद करता हूं कि नए साल में मुझे बड़े और अच्छे रोल्स मिलेंगे।' न्यू ईयर सेलिब्रेशन की प्लानिंग के बारे में भी अकदास बहुत उत्साहित होकर बताता है, 'इस बार मैं अपने शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' के सभी दोस्तों के लिए छोटे-छोटे न्यू ईयर कार्ड्स बनाऊंगा। मम्मा और मैं घर पर गुब्बारे और छोटी-छोटी लाइट्स भी लगाएंगे। अबकी न्यू ईयर पर घर में और सेट पर हम खूब एंज्वॉय करने वाले हैं। सभी को मेरी तरफ से हैप्पी न्यू ईयर!' *

### नए साल में निखारूंगी अपनी एक्टिंग स्किल : श्रेया पटेल



**इन दिनों** श्रेया पटेल सोनी सब के धार्मिक सीरियल 'गाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय' में सिद्धि का किरदार निभा रही है। उसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। श्रेया के लिए साल 2025 बेहद खास रहा। वह मुस्कुराते हुए बताती है, 'मेरे लिए इस साल की शुरुआत सोनी सब के शो 'तेनाली रामा सीजन-2' से हुई। मुझे खुशी है, इस शो में दर्शकों को मेरा रोल, मेरी एक्टिंग पसंद आई। साल बीतते-बीतते मुझे नया शो 'गाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय' मिल गया, जिसमें मैं सिद्धि का रोल प्ले कर रही हूं। मुझे इस साल नए-नए प्रोजेक्ट्स मिले और खुद को प्रूव करने का अवसर भी मिला। इस लिहाज से देखा जाए तो साल 2025 मेरे लिए बहुत ही खास रहा।' आने वाले साल 2026 से श्रेया को कई उम्मीदें हैं। उसने कुछ गोल्स भी सेट किए हैं, वह बताती है, 'मैं उम्मीद करती हूं, नए साल में मुझे अच्छे शोज में लीड रोल निभाने का मौका मिलेगा। नए साल में मैं एक्टिंग कॉलेज से जुड़कर अपना एक्टिंग स्किल निखारना चाहती हूं।' श्रेया न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करती है, पूछने पर बताती है, 'नए साल की शुरुआत मैं अपने फैमिली मेंबर्स और फ्रेंड्स को न्यू ईयर विश करके करती हूं। फैमिली के साथ पार्टी करती हूं। बालभूमि के नन्हे दोस्तों को मेरी ओर से नए साल की गुड विशेज।' *

प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स

कविता / राजा चौरसिया

## स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा

जा रहा पुराना साल छोड़कर
यादों का अनमोल पिटारा।
हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा।
नई उमंगें, नई तरंगें
और चेहरे खिले हुए हैं।
प्रिय बधाइयों, उपहारों के
सबको अवसर मिले हुए हैं।
नजरें तो हैं वही पुरानी
किंतु नया सब ओर नजारा।
हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा।
गीत देश के भी गाएंगे
इसको भूल नहीं पाएंगे।
बारह माह सफलताओं का
मनचाहा उत्सव मनाएंगे।
नई सोच की पटरी पर ही
दौड़ेगा उत्साह हमारा।
हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नववर्ष तुम्हारा।





कहानी
रेनू सैनी

स्पर्श की जैसे सफाई से परहेज था। उसके मम्मी-पापा और दोस्त उसे समझाते, लेकिन उस पर कोई असर नहीं होता। स्पर्श का मौसेरा भाई पंकज, क्रिसमस की छुट्टियों में जब उसके पास आया, तो उसने स्पर्श को सुधारने की सोची। पंकज क्या स्पर्श को सुधार सका?

# नववर्ष का संकल्प



निर्मला मैडम सेवेंथ क्लास के बच्चों को हेल्थ से जुड़ी उपयोगी जानकारी दे रही थीं। उन्होंने बच्चों को बदलते मौसम में फैल रही बीमारियों जैसे वायरल फीवर, टाइफाइड और लूज मोशन के बारे में बताया। बच्चे उनकी बातें ध्यान से सुन रहे थे, लेकिन स्पर्श का ध्यान कहीं और था। वैसे तो वह होशियार बच्चा है, लेकिन उसमें एक बुरी आदत है कि सफाई से दूर रहता है। वह कभी भी ढंग से हाथ नहीं धोता है। यहां तक कि खाना खाने से पहले भी नहीं। स्पर्श के माता-पिता और दोस्त उसे हर तरह से समझा कर थक चुके हैं, किंतु वह किसी की भी नहीं सुनता। उसके कपड़े भी अकसर मैले रहते हैं। यहां तक कि उसकी किताबें, कॉपियां फटी मिलती हैं। पूछने पर उसका जवाब होता है, 'मेरी चीजें मैली या फटी इसलिए होती हैं, क्योंकि मैं इनका सबसे ज्यादा प्रयोग करता हूं। तुम लोगों की तरह नहीं कि हर चीज को शो-पीस बनाकर रखूं।' ऐसे ही किसी के हाथ धोने के लिए कहने पर उसका जवाब होता, 'हाथ तो वही रहेंगे न, धोएं या न धोएं, क्या फर्क पड़ता है?'

स्पर्श की इन बे-सिर पैर की बातों से सभी चिढ़ते हैं। इस बार क्रिसमस की छुट्टियों में स्पर्श की मौसी का बेटा पंकज कुछ दिनों के लिए आया। पंकज उससे बड़ा है। वह बहुत समझदार भी है। स्पर्श के कई दोस्तों से पंकज मिला, उसे इनसे स्पर्श का सफाई से न रहने की आदत के बारे पता चला। पंकज ने मन ही मन नववर्ष से पहले उसकी इस आदत को छुड़ाने का निश्चय किया।

स्पर्श का दोस्त अमन बीमार चल रहा था। पंकज कुछ सोचकर स्पर्श के साथ अमन से मिलने उसके घर गया। दोनों को देखकर अमन को खुशी हुई। वह बोला, 'अच्छा हुआ, तुम लोग आ गए। मेरा मन बहल जाएगा। वैसे अब मैं बिल्कुल ठीक हूं। खांसी-जुकाम हो गया था।'

तभी अमन की मम्मी वहां आकर बोलीं, 'मैं चाय-नाश्ता लेकर आती हूं अभी।'

यह सुनकर पंकज ने स्पर्श से कहा, 'आंटी, रसोई में चाय-नाश्ता तैयार कर रही हैं। तुम जाकर ले आओ।'

स्पर्श तुरंत रसोईघर की ओर चला गया। कुछ देर बाद वह गर्म-गर्म चाय-नाश्ता लेकर आया। स्पर्श नाश्ता शुरू करने वाला था कि अमन ने टोका, 'अरे...अरे... यह क्या कर रहे हो? पहले जाकर अच्छे से हाथ साफ करके आओ।' अमन ने यह भी बताया, 'मेरे एक रिश्तेदार का बेटा इन दिनों बहुत बीमार चल रहा है। उसे टाइफाइड हो गया है। डॉक्टरों ने बोला है कि उसे ठीक होने में समय लगेगा। वह भी बिना हाथ साफ करे चीजें खा लेता है। इसलिए गंदगी के कीटाणुओं ने उसे अपना शिकार बना लिया है। उसके बोर्ड के एग्जाम सिर पर हैं। ऐसे में वह बीमार हो गया है। उसकी पढ़ाई का हर्जा हो रहा है। पता नहीं वह बोर्ड के एग्जाम दे भी पाएगा या नहीं?' अमन आगे बोला, 'बीमार पड़ने से अच्छा है कि पहले से ही साफ-सफाई का ध्यान रखा जाए।'

अमन की बातें सुनकर स्पर्श घबरा सा गया। वह वॉश बेसिन की ओर भागा। जैसे ही वह हाथ धोने गया, पंकज और अमन एक-दूसरे की ओर देखकर मुस्कुराए। दरअसल, पंकज ने ही स्पर्श को जान बूझकर नाश्ता लेने के लिए कमरे से बाहर भेजा था। उसके कमरे से जाते ही पंकज ने अमन को झूठ-मूठ की कहानी बनाने के लिए कहा था। इस कहानी ने अपना काम कर दिखाया।

हाथ धोकर आने के बाद स्पर्श चाय-नाश्ता करते हुए बोला, 'भाई, मेरा तो आने वाले नए साल में यही संकल्प है कि हमेशा कुछ खाने-पीने से पहले अच्छी तरह हाथ धोऊंगा।'

स्पर्श की बात सुनकर पंकज बोला, 'भाई तुम्हारा यह संकल्प तो सारे संकल्पों पर भारी है, क्योंकि स्वच्छता है तो स्वास्थ्य है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है। इस तरह तो तुम हर जगह बाजी मार ले जाओगे।'

पंकज की बात पर अमन और स्पर्श हंस पड़े। कमरे में नाश्ते की खुशबू फैल चुकी थी। तीनों नाश्ते का आनंद लेते हुए यह प्लान करने लगे कि नववर्ष कैसे सेलिब्रेट करेंगे? *

तुम्हारे लिए नई किताब / अनुराग मनींद्र

## प्रेरित करती रोचक कहानियां

बच्चो, तुम्हारे लिए बाल कहानियों का एक संग्रह 'शेर की मूंछ के बाल' कुछ समय पहले छपकर आया है। रेखा शाह आरबी द्वारा लिखी गई इस किताब में चौदह मनोरंजक और शिक्षाप्रद कहानियां संकलित हैं। संग्रह की कहानियों में इंसानी पात्र तो हैं ही, कई कहानियों में जंगल के जीव-जंतुओं को पात्र के रूप में प्रस्तुत किया गया है। किताब की शीर्षक वाली कहानी 'शेर की मूंछ के बाल' मनोरंजक होने के साथ-साथ तुम्हें अपनी गलती का एहसास कर उसे सुधारने की सीख भी देती है। 'टूटी गुल्लक' बहुत ही प्यारी कहानी है, जिसमें तुम पढ़ोगे कि गोलू किस तरह अपने दोस्त राजू की मदद करता है। यह कहानी तुम्हें सच्ची दोस्ती का महत्व समझाएगी। 'गुल्लू का बर्थ-डे' शीर्षक कहानी में गुल्लू अपना बर्थ-डे कुछ इस तरह मनाता है कि उसके सभी दोस्त उससे इंस्पायर होकर तय करते हैं कि वे भी अपना बर्थ-डे ऐसे ही मनाएंगे। यह कहानी तुम्हें अपनी खुशियां जरूरतमंदों के साथ बांटने पर मिलने वाली खुशी का एहसास कराएगी। 'पिंकी का सपना' कहानी में तुम पढ़ोगे कि पिंकी ने किस तरह दादाजी के साथ मिलकर अपने सपने को सच किया। यह कहानी तुममें प्रकृति-प्रेम और पर्यावरण की रक्षा के भाव जगाएगी। इन कहानियों के अलावा 'तोताराम को मिली सीख', 'साबू और शहद', 'तोलू मोलू और करेला', 'पक्की वाली दोस्ती', 'लोमड़ी की चांद ट्रिप टूरिस्ट एजेंसी' कहानियां भी तुम्हें खूब पसंद आएंगी। साथ ही ये कहानियां तुम्हें नैतिक और व्यावहारिक ज्ञान भी देंगी। *




किताबः शेर की मूंछ के बाल (बाल कहानी संग्रह), लेखिकाः रेखा शाह आरबी, मूल्यः 250 रुपए, प्रकाशकः साहित्यांजलि प्रकाशन, प्रयागराज

## जीके क्विज-185



1. भारत के राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की रचना किसने की?
2. ग्लोबल फैमिली डे कब मनाया जाता है?
3. हाल ही में फेमस फुटबॉलर लियोनेल मेसी की विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा का अनावरण कहां हुआ है?
4. किस देश ने जूनियर हॉकी विश्व कप 2025 जीता है?
5. टाइम मैगजीन द्वारा किसे टाइम एंटरटेनर ऑफ द ईयर 2025 चुना गया है?
6. हैदराबाद किस नदी के किनारे बसा है?
7. नवंबर महीने के लिए आईसीसी वूमेन प्लेयर ऑफ द मंथ किसे चुना गया है?
8. भारत के किस राज्य की राजभाषा अंग्रेजी है?
9. भारत के किस राज्य में लोकसभा की सर्वाधिक सीटें हैं?
10. 'भारत भारती' नामक पुस्तक के रचयिता कौन हैं?

बच्चों, जीके क्विज-185 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।

**जीके क्विज-184 का उत्तर :** 1.दीपावली, 2.जसप्रीत बुमराह, 3.खान अब्दुल गफ्फार खान, 4.गुजरात, 5.माउंट बेटन, 6.ओडिशा, 7.क्षिप्रा नदी, 8.22 दिसंबर, 9.विनेश फोगाट, 10.पत्रकारिता

**जीके क्विज-184 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, उर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, चीनू-रायगढ़, ज्योति-बैकुंठपुर, नीटू-सीतापुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-रोहतक

## रंग भरो-192

**रंग भरो-192** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आन्या, दुर्ग

दीक्षांत, रायपुर

दिया, रोहतक

आशना, जांजगीर

हिताक्षी, महेंद्रगढ़

पयोनिधि, अंबिकापुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, अंकिता-ईमेल से, अंतरा-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, कोमल-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, अमन-जांजगीर, कुसुम-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रितेश-बलौदा बाजार

## रंग भरो 193




बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में कुछ बच्चे न्यू ईयर सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।